वर्ष : 34 | अंक : 15 | मुंबई, रविवार, 29 मार्च 2026 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल | संरक्षक : एन. के. पुरोहित

DBD
दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

## व्यापारी से लाखों की नकली रत्नों वाली धोखाधड़ी

अहिल्यानगर के एक कपड़ा व्यापारी राजेंद्र भागवत ने 'ढोंगी बाबा' अशोक खरात की करतूतों का खुलासा करते हुए चौंकाने वाले आरोप लगाए हैं। भागवत के मुताबिक, बाबा ने व्यापार में तरक्की और आर्थिक लाभ का झांसा देकर उनसे 2.62 लाख की ठगी की। बाबा ने खुद को ज्योतिष और तंत्र-मंत्र का जानकार बताते हुए दावा किया कि खास रत्न पहनने से किस्मत चमक जाएगी। इसी भरोसे में आकर व्यापारी ने बाबा से पुखराज और हीरे की अंगूठियां खरीदीं और बदले में 20 ग्राम सोने की अंगूठियां दे दीं। बाबा की गिरफ्तारी के बाद जब उन्होंने इन अंगूठियों और रत्नों की जांच कराई, तो सच्चाई सामने आ गई। जांच में पता चला कि जिन रत्नों को पुखराज और हीरा बताया गया था, वे पूरी तरह नकली थे। इतना ही नहीं, जो अंगूठियां सोने की बताई गई थीं, वे भी असल में तांबे की निकलीं। इस खुलासे ने ऐसे ढोंगी बाबाओं के जाल पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, जो आस्था का फायदा उठाकर लोगों को ठगते हैं।



# परत-दर-परत खुल रहा खरात का पाप

- आरोपित के खिलाफ 100 से ज़्यादा आनलाइन शिकायतें दर्ज
- दो नए केस दर्ज, पिस्तौल लाइसेंस रद्द

डीबीडी संवाददाता | मुंबई/नासिक

**'ढोंगी बाबा' अशोक खरात मामले में हर बीतते दिन के साथ नए और चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। शनिवार को पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और धोखाधड़ी के दो नए मामले दर्ज किए हैं। इसके साथ ही प्रशासन ने कड़ा कदम उठाते हुए खरात के पिस्तौल का लाइसेंस भी रद्द कर दिया है।**

### हथियार का लाइसेंस रद्द और नोटिस

पुलिस ने 18 मार्च को खरात के फार्महाउस पर छापेमारी कर एक पिस्तौल और जिंदा कारतूस बरामद किए थे। जिला कलेक्टर आयुष प्रसाद ने शनिवार को स्पष्ट किया कि खरात के पिस्तौल का लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। उसे 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया गया है कि क्यों न इस लाइसेंस को हमेशा के लिए खत्म कर दिया जाए।

### खौफनाक 'बाबा कांड' का सच

नासिक पुलिस की जांच (SIT) में चौंकाने वाली बात सामने आई है कि ढोंगी तांत्रिक अशोक खरात महिलाओं को नशीली दवा (गुंगी की दवा) खिलाकर उनके साथ दुष्कर्म करता था। अनुमान है कि वह 200 से ज्यादा महिलाओं का शिकार कर चुका है। पुलिस ने जब खास हेल्पलाइन जारी की, तो महज कुछ दिनों में 100 से ज्यादा शिकायतें मिलीं, जिनमें से 70% महिलाओं की हैं।

### कनाडा कॉर्नर दफ्तर में नशीला पदार्थ देकर किया दुष्कर्म

सहकार वाड़ा पुलिस स्टेशन में एक शादीशुदा महिला ने शिकायत दर्ज कराई है कि अगस्त से दिसंबर 2024 के बीच अशोक खरात ने उसके साथ चार बार दुष्कर्म किया। महिला अपने पति के साथ कनाडा कॉर्नर स्थित खरात के दफ्तर गई थी, जहाँ आरोपी ने पति को बाहर बैठाकर महिला को नशीला पदार्थ खिलाया और बेहोशी की हालत में उसका यौन उत्पीड़न किया।

## रुपाणी के करियर पर लगा 'बाबा कांड' का ग्रहण

महाराष्ट्र की राजनीति में 'ढोंगी बाबा' अशोक खरात का मामला अब एक बड़े राजनीतिक तूफान में बदल चुका है। दुष्कर्म और ठगी के आरोपी अशोक खरात के साथ नाम जुड़ने और कथित वीडियो वायरल होने की चर्चा के बाद अब रुपाली चाकणकर ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अपने सभी संगठनात्मक पदों से भी इस्तीफा दे दिया है। बतादें रुपाली चाकणकर ने पहले राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया था। बाबा के पैरों को छूते हुए फोटो और वीडियो सामने आने के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उनको तुरंत इस्तीफा देने के लिए कहा था। देखा जाए तो बाब कांड में नाम जुड़ने के बाद रुपाली का करियर अब खत्म होता नजर आ रहा है।

## ढोंगी बाबा अशोक खरात को मिले फांसी की सजा : मुनगंटीवार

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने शनिवार को 'ढोंगी बाबा' अशोक खरात को मौत की सजा देने की मांग की। मुनगंटीवार ने कहा, ''मैं कानून का पालन करने वाला नागरिक हूं, लेकिन अशोक खरात के बर्बर कृत्यों को देखने और सुनने के बाद, ऐसा लगता है कि उसे किसी भी प्रकार की कानूनी रियायत नहीं मिलनी चाहिए।' कोई अदालत नहीं, कोई कार्यवाही नहीं हो। ऐसे व्यक्ति को सार्वजनिक रूप से दंडित किया जाना चाहिए और फांसी दी जानी चाहिए। उसने छत्रपति शिवाजी महाराज की विरासत का अपमान किया है और महिलाओं का अनादर किया है। ऐसे कृत्य महाराष्ट्र और उसके मूल्यों पर धब्बा हैं।''

# मुंबई में मिशन प्री-मानसून शुरू

- मीठी नदी की सफाई आज से, 31 मई तक का अल्टीमेटम
- नालों की सिल्ट निकालने के लिए एआई तकनीक का होगा इस्तेमाल

धीरज सिंह | मुंबई

मुंबई में मानसून की दस्तक से पहले जलजमाव की समस्या से निपटने के लिए बृहन्मुंबई महानगरपालिका पूरी तरह एक्शन मोड में आ गई है। शनिवार, 28 मार्च 2026 को मनपा आयुक्त भूषण गगरानी ने प्री-मानसून कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को 'डेडलाइन' के भीतर काम पूरा करने के कड़े निर्देश दिए। शहर, पूर्वी और पश्चिमी उपनगरों में नालों से गाद निकालने का काम युद्ध स्तर पर शुरू हो गया है। सबसे महत्वपूर्ण मीठी नदी की सफाई रविवार से शुरू की जाएगी। आयुक्त ने निर्देश दिया है कि नालों से निकाली गई सिल्ट को 48 घंटे के भीतर निर्धारित डंपिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जाए ताकि वह वापस नालों में न बहे।



### एआई और डिजिटल मॉनिटरिंग

इस बार नाला सफाई में पारदर्शिता लाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और विशेष वेबसाइट का सहारा लिया जा रहा है। अतिरिक्त आयुक्त अभिजीत बांगर ने बताया कि एआई सिस्टम के जरिए काम की गुणवत्ता जांची जाएगी। साथ ही, आम जनता और जनप्रतिनिधि वेबसाइट पर जाकर देख सकेंगे कि उनके इलाके के नाले की कितनी सफाई हुई है। अक्सर रेलवे ट्रैक के पास कचरा फंसने से ट्रेनें रुक जाती हैं। इससे बचने के लिए BMC, रेलवे प्रशासन और MMRDA (मेट्रो) के साथ मिलकर काम कर रही है। पटरियों के नीचे बनी पुलियों की सफाई और पानी निकालने के लिए शक्तिशाली पंप लगाने की योजना बनाई गई है ताकि मानसून में परिवहन बाधित न हो।

### ट्रैश बूम तकनीक का पहरा

नदियों और नालों का कचरा समुद्र में जाकर प्रदूषण न फैलाए और पानी के बहाव को न रोके, इसके लिए 14 प्रमुख स्थानों पर 'ट्रैश बूम' लगाए जाएंगे। ये बूम तैरते हुए कचरे को एक जगह ब्लॉक कर देते हैं, जिसे मशीन की मदद से आसानी से निकाल लिया जाता है। मोगरा, माजस और धारावी जैसे नालों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### 31 मई की डेडलाइन

स्टॉर्म वॉटर चैनल (बारिश का पानी निकालने वाली नालियां) को चौड़ा करने और उनकी मरम्मत के सभी चल रहे काम 31 मई 2026 तक हर हाल में पूरे करने का लक्ष्य रखा गया है। डिप्टी कमिश्नर और असिस्टेंट कमिश्नर को सीधे साइट पर जाकर काम का निरीक्षण करने और रिपोर्ट देने को कहा गया है।

भारत की ऐतिहासिक उपलब्धि

## 33 साल में 80 फीसदी गिरी मातृ मृत्यु दर

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत ने मातृ स्वास्थ्य के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। द लैंसेट जर्नल में प्रकाशित एक वैश्विक विश्लेषण के अनुसार, 1990 से 2023 के बीच भारत के मातृ मृत्यु अनुपात में लगभग 80 फीसदी की कमी आई है। वर्ष 1990 में प्रति एक लाख जीवित जन्मों पर 508 मौतें होती थीं, जो 2023 में घटकर 116 रह गई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 2023 में भारत में कुल 24,700 मातृ मृत्यु दर्ज की गईं। तुलनात्मक रूप से इसी अवधि में पाकिस्तान में 10,300, इथियोपिया में 11,900 और नाइजीरिया में 32,900 मौतें हुईं। हालांकि, नवीनतम नमूना पंजीकरण प्रणाली 2021-23 के आंकड़ों के अनुसार भारत का मातृ मृत्यु अनुपात अब 88 मृत्यु प्रति लाख तक गिर चुका है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि भारत की यह प्रगति वैश्विक औसत से कहीं बेहतर है।



### दुनियाभर में 2023 में 2.4 लाख मौतें


यूनिवर्सिटी ऑफ वाशिंगटन के शोधकर्ताओं ने नोट किया कि पिछले तीन दशकों में वैश्विक स्तर पर मौतों में एक-तिहाई की कमी आई है। दुनिया भर में 2023 में कुल 2.4 लाख मातृ मृत्यु हुईं। रिपोर्ट के अनुसार, प्रसव के दौरान रक्तस्राव और उच्च रक्तचाप मौत के मुख्य कारण हैं। संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों के तहत 2030 तक इस अनुपात को 70 से नीचे लाने का लक्ष्य है।

## महाराष्ट्र में एलपीजी का विकल्प तैयार

पीएनजी पाइपलाइन के लिए 24 घंटे में मिलेगी मंजूरी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

खाड़ी देशों में जारी तनाव और ईरान-अमेरिका युद्ध के संकट को देखते हुए महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में ईंधन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 'मिशन मोड' में काम शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार, 28 मार्च 2026 को स्पष्ट किया कि आगामी महीनों में एलपीजी सिलेंडर की संभावित किल्लत से बचने के लिए पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) का जाल तेजी से बिछाया जाएगा। ईरान-इजरायल युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गैस की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। इससे निपटने के लिए मुख्यमंत्री ने महानगर गैस लिमिटेड को पीएनजी पाइपलाइन बिछाने का काम तेज करने को कहा है। सरकार का उद्देश्य है कि घरों में पाइप से गैस पहुँचे ताकि रसोई गैस सिलेंडर पर निर्भरता कम हो सके और सप्लाई चैन पर दबाव न पड़े।



### 24 घंटे में ऑटो-अप्रूवल

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों के साथ बैठक के बाद घोषणा की कि पीएनजी पाइपलाइन बिछाने के लिए अब सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने होंगे। विभिन्न विभागों से मिलने वाली अनुमतियां अब 24 घंटे के भीतर 'स्वतः स्वीकृत' (Deemed Sanction) मानी जाएंगी। भुजबल ने पीएनजी को एलपीजी से सस्ता बताते हुए इसके अधिकतम इस्तेमाल की सलाह दी है।

### बीएमसी देगी खुदाई की अनुमति

मुंबई मनपा आयुक्त भूषण गगरानी ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रशासन अब विशेष परिस्थितियों में आरसीसी (सीमेंटेड) सड़कों की खुदाई की मंजूरी भी देगा। आमतौर पर इन सड़कों को खोदने की अनुमति आसानी से नहीं मिलती, लेकिन गैस संकट को देखते हुए नियमों में ढील दी गई है ताकि पाइपलाइन का काम न रुके।

भिवंडी मनपा में प्रशासनिक लापरवाही

## 4.5 लाख जन्म-मृत्यु रिकॉर्ड गायब




डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी-निजामपुर महानगरपालिका के जन्म और मृत्यु पंजीकरण विभाग में बड़ा प्रशासनिक लापरवाही का मामला सामने आया है, जहां करीब 4.5 लाख नागरिकों के रिकॉर्ड गायब होने से हड़कंप मच गया है। इस गड़बड़ी के कारण लोगों को जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र जैसे जरूरी दस्तावेज प्राप्त करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सूत्रों के मुताबिक, यह संकट विभागीय लापरवाही, आंतरिक कुप्रबंधन और निजी ठेकेदार द्वारा संचालित सॉफ्टवेयर से जुड़े डेटा हस्तांतरण में गड़बड़ी के चलते उत्पन्न हुआ है, क्योंकि अनुबंध समाप्त होने के बाद डेटा महानगरपालिका को सौंपा ही नहीं गया।

### दो दिन में डेटा नहीं मिला तो होगी कार्रवाई

इस मामले की गंभीरता को देखते हुए मेयर नारायण चौधरी ने कड़ा रुख अपनाते हुए अधिकारियों को दो दिन का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि तय समय में डेटा बरामद नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निलंबित किया जाएगा। वहीं, विभाग में लंबी कतारों और सर्वर डाउन की शिकायतों से नागरिकों में भारी नाराजगी है। आरोप है कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी संदीप गाडेगाकर ने नियमों को दरकिनार कर विभाग का कामकाज एक क्लर्क को सौंप दिया।

ईरान युद्ध के एक महीने पूरे > धमकियों और बयानों से मंडरा रहे अनिश्चितता के बादल

# भारत सहित पूरी दुनिया युद्ध से उपजे संकट की चपेट में

एजेंसी | वाशिंगटन

अमेरिका और इजरायल के ईरान के साथ युद्ध को एक महीना पूरा चुका है। इस युद्ध का असर भारत सहित पूरी दुनिया में महसूस किया जा रहा है। युद्ध से ईरान, इजरायल सहित खाड़ी देशों में जानमाल का बड़ा नुकसान हुआ है, वहीं तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं, पूरे क्षेत्र में हिंसा बढ़ती जा रही है।कूटनीतिक समाधान तक पहुंचने की कोशिशों पर दोनों ही पक्षों की तरफ से की जा रही आक्रामक बयानबाजी और धमकियों से अनिश्चितता की स्थिति पैदा हो गई है।



### ट्रंप के सामने दो ही विकल्प

विशेषज्ञों के अनुसार अब ट्रंप के पास दो ही रास्ते बचे हैं, या तो वे ईरान के साथ कोई समझौता करके इस युद्ध से बाहर निकलें, या फिर अपनी सैन्य ताकत और बढ़ाएं। लेकिन सैन्य ताकत बढ़ाने का मतलब है एक लंबा युद्ध, जो उनके पूरे राष्ट्रपति कार्यकाल को संकट में डाल सकता है। रिपोर्ट्स के अनुसार, ट्रंप ने अपने करीबियों से कहा है कि वे हमेशा चलने वाले युद्ध से बचना चाहते हैं। वे एक ऐसा रास्ता खोज रहे हैं जिससे बातचीत के जरिए बाहर निकला जा सके।

### युद्ध का कहां क्या असर?

होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा और कृषि पर गंभीर खतरा पैदा हो गया है, क्योंकि भारत अपनी जरूरत का 80% तेल आयात करता है और यूरिया का बड़ा हिस्सा इसी मार्ग से आता है, जिससे खाद्य महंगाई का जोखिम बढ़ गया है। इसके अलावा, खाड़ी देशों में कार्यरत लाखों भारतीयों के प्रभावित होने से रेमिटेंस (प्रेषण धन) में भारी गिरावट की आशंका है, जबकि स्वयं खाड़ी देश 'ग्रोसरी सप्लाई इमरजेंसी' और भारी जीडीपी गिरावट (14% तक) का सामना कर रहे हैं। वैश्विक स्तर पर, यूरोप कतर से गैस आपूर्ति रुकने के कारण बिजली और औद्योगिक संकट से जूझ रहा है, जबकि अमेरिका ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर होने के बावजूद पेट्रोल की बढ़ती कीमतों के कारण राजनीतिक अस्थिरता और जनता के असंतोष का सामना कर रहा है।

### कहां कितने लोग मारे गए?

ईरान में अब तक 3300 लोग मारे गए हैं, जबकि लेबनान में यह संख्या 1116 तक पहुँच गई है। इजरायल में 118 लोगों की जान गई है और अमेरिकी सेना के 11 सर्विस सदस्यों ने भी इस संघर्ष में अपनी जान गंवाई है। खाड़ी के अन्य सहयोगी देशों जैसे यूएई (10), कतर (7), कुवैत (6), सीरिया (4), और बहरीन, ओमान व सऊदी अरब (प्रत्येक 2) में भी हताहतों की पुष्टि हुई है।

## नासिक पुलिस की डिजिटल स्ट्राइक

आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने वाले 65 लोगों पर मामला दर्ज

डीबीडी संवाददाता | नासिक



जिले में दुष्कर्म पीड़ित महिलाओं के आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट और शेयर करने के मामले में पुलिस ने 65 लोगों के खिलाफ आपराधिक केस दर्ज किए हैं। मामले की गहन जांच जारी है। पुलिस के अनुसार, दुष्कर्म मामले के मुख्य आरोपी को 18 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद कई पीड़ित महिलाओं ने नासिक के सहकार वाड़ा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करानी शुरू की। जांच के दौरान सामने आया कि पीड़िताओं के अश्लील फोटो और वीडियो फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बड़े पैमाने पर शेयर किए जा रहे थे, जिससे मामला और गंभीर हो गया।

## डिलीवरी टेम्पो से एलपीजी गैस के 27 सिलेंडर चोरी

**मुंबई।** पश्चिमी उपनगर कांदिवली (पश्चिम) के चारकोप इलाके में एक डिलीवरी टेंपो से रसोई गैस के 27 सिलेंडर चोरी होने का मामला सामने आया है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण गैस आपूर्ति में संभावित व्यवधान की खबरों के बीच हुई इस चोरी ने पुलिस की चिंता बढ़ा दी है। डिलीवरी मैन नंदकुमार रामराज सोनी की शिकायत के अनुसार, उन्होंने बुधवार रात काका केनी चौक पर अपना टेंपो खड़ा किया था, जिसका ताला और शीशा तोड़कर अज्ञात चोरों ने 5 भरे हुए और 22 खाली सिलेंडर पार कर दिए। पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर कई टीमें गठित की हैं और इलाके के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं।




क्या आप जानते हैं? बार-बार और बिना सोचे-समझे ट्रेडिंग करने से लागत और जोखिम बढ़ सकते हैं। एक सुनियोजित योजना आपके निवेश की सुरक्षा में सहायक होती है।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज इन्वेस्टर प्रोटेक्शन फण्ड द्वारा जनहित में जारी

कमोडिटी डेरिवेटिव मार्केट में लेनदेन या निवेश करने से पहले जोखिम प्रकटीकरण दस्तावेज़ (आरडीडी) को ध्यान से पढ़ें

सूचित निवेशक बने रहने के लिए स्कैन करें | सेबी निवेशक वेबसाइट पर ज्ञान के भंडार को अनलॉक करें। | QR कोड स्कैन करें।

MCX METAL & ENERGY Trade with Trust | MCX INVESTOR PROTECTION FUND

# खुद को 'महादेव' बताने वाला ढोंगी बाबा गिरफ्तार

## महिला से दुष्कर्म का आरोप

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र में धर्म और अध्यात्म की आड़ में महिलाओं का शोषण करने वाले एक और स्वयंभू 'बाबा' के पाप का घड़ा भर गया है। महाराष्ट्र के पालघर जिले से ताल्लुक रखने वाले ढोंगी बाबा ऋषिकेश वैद्य को पुणे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर एक 35 वर्षीय महिला के साथ नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने और अश्लील तस्वीरों के जरिए उसे ब्लैकमेल करने का गंभीर आरोप है। पुलिस के अनुसार, पालघर में एक सामाजिक संगठन चलाने वाले 40 वर्षीय ऋषिकेश वैद्य का संपर्क पीड़िता से वर्ष 2023 में फेसबुक



के माध्यम से हुआ था। धीरे-धीरे उसने महिला का विश्वास जीता और खुद को आध्यात्मिक गुरु के रूप में पेश किया। दिसंबर 2023 में आरोपित पुणे पहुंचा और महिला को यह कहकर भ्रमित किया कि मैं साक्षात शिव (शंकर) हूं और तुम मेरी पार्वती हो।

### अश्लील फोटो-वीडियो दिखाकर किया ब्लैकमेल

दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, आरोपित महिला को पुणे के मंजरी इलाके में स्थित एक लॉज में ले गया। वहां उसने महिला को कोई नशीला पदार्थ पिलाया, जिससे वह बेहोश हो गई। बेसुध हालत में आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और उसकी अश्लील तस्वीरें व वीडियो भी बना लिए। इन्ही तस्वीरों के आधार पर वह पीड़िता को लगातार ब्लैकमेल करता रहा। आरोपी ने मई 2025 में पीड़िता को वसई (पालघर) के एक होटल में बुलाकर दोबारा यौन उत्पीड़न का प्रयास किया था। लंबे समय तक खौफ में रही पीड़िता ने तब पुलिस के पास जाने का साहस जुटाया, जब हाल ही में नासिक में एक अन्य ढोंगी बाबा अशोक खरात की गिरफ्तारी की खबरें सामने आईं।

### जीरो एफआईआर दर्ज

पीड़िता ने महसूस किया कि ऐसे पाखंडियों का बेनकाब होना जरूरी है। उसने पहले पालघर के माणिकपुर पुलिस स्टेशन में 'जीरो एफआईआर' दर्ज कराई, जिसे बाद में जांच के लिए पुणे के हडपसर पुलिस स्टेशन स्थानांतरित कर दिया गया। इसके बाद पुणे पुलिस की टीमों ने जाल बिछाकर आरोपी को पुणे के पिंपरी इलाके से धर दबोचा। हालांकि, आरोपित ने इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट कर खुद को निर्दोष बताया है, लेकिन पुलिस ने अपने पास उसके खिलाफ पुख्ता सबूत होने का दावा किया है।

# बिल्डर की आत्महत्या मामले में एनसीबी अधिकारी पर केस दर्ज



**डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई**

पुलिस ने नवी मुंबई के बिल्डर गुरुनाथ चिचकर की आत्महत्या के मामले में स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (NCB) के जोनल निदेशक अमित घवाटे के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस अधिकारी के अनुसार, अदालत के निर्देश के बाद घवाटे पर आत्महत्या के लिए उकसाने, आपराधिक साजिश और जबरन वसूली सहित भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।

गुरुनाथ चिचकर ने 25 अप्रैल 2025 को अपने कार्यालय में पिस्तौल से खुद को गोली मार ली थी। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई थी और पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की थी। घटनास्थल से बरामद सुसाइड नोट में चिचकर ने NCB और पुलिस अधिकारियों पर उत्पीड़न का आरोप लगाया था। उन्होंने लिखा था कि लगातार दबाव और परेशानियों से तंग आकर उन्होंने यह कदम उठाया। यह मामला अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी से जुड़ा हुआ है। गुरुनाथ चिचकर का बेटा नवीन चिचकर इस गिरोह का कथित सरगना बताया गया है, जिसे पिछले वर्ष मलेशिया से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया था।

### जांच में सामने आई अधिकारी की भूमिका

शुरुआत में पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु (ADR) का मामला दर्ज किया था, लेकिन जांच के दौरान NCB अधिकारी अमित घवाटे की कथित भूमिका सामने आने के बाद मामला दर्ज किया गया। NCB ने नवीन चिचकर (35) को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। वह कई मामलों में वांछित था। बाद में उसके छोटे भाई धीरज चिचकर को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बढ़ती ट्रैफिक समस्या पर अहम बैठक

## रिक्शा यूनियन, व्यापारी और ट्रैफिक पुलिस ने मिलकर तलाशे समाधान



**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**

शहर में लगातार बढ़ रही ट्रैफिक समस्या को लेकर ट्रैफिक पुलिस विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य शहर में जाम की समस्या का समाधान निकालना और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाना था। बैठक में वाहतूक विभाग के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजेश शिरसाठ और अधिकारी नाना आव्हाड समेत कई पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। साथ ही व्यापारी एसोसिएशन, ट्रांसपोर्ट संगठनों और रिक्शा यूनियन के पदाधिकारी भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### कल्याण-बदलापुर रोड पर काम तेज करने की मांग

बैठक में विशेष रूप से कल्याण-बदलापुर सड़क के अधूरे कार्य को जल्द पूरा करने की मांग उठाई गई, ताकि ट्रैफिक जाम की समस्या को कम किया जा सके। शहर में जाम की समस्या को कम करने के लिए भारी वाहनों की आवाजाही पर समयबद्ध नियंत्रण लागू करने का सुझाव भी दिया गया, जिससे पीक आवर्स में ट्रैफिक दबाव कम हो सके। ट्रैफिक पुलिस विभाग ने सभी सुझावों और समस्याओं पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया है। अधिकारियों ने कहा कि जल्द ही आवश्यक कदम उठाकर उल्हासनगर की ट्रैफिक व्यवस्था को अधिक सुचारू और सुरक्षित बनाया जाएगा।

### व्यापारियों और यूनियनों ने रखीं समस्याएं

बैठक के दौरान विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने शहर में बढ़ते ट्रैफिक, अव्यवस्थित पार्किंग, सड़कों पर भीड़ और यातायात नियमों के पालन में आ रही समस्याओं को विस्तार से सामने रखा। इस अवसर पर मनोज चाबलानी, रमेश लालवाणी, रमेश चव्हाण, भूषण वैरागर, मोनो सिद्दीकी, लालवानी ट्रांसपोर्ट और रिक्शा चालक-मालक संघटना के अध्यक्ष बहादुर करोतिया सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# सिंचाई विभाग का अभियंता दो लाख रुपए लेते गिरफ्तार

**डीबीडी संवाददाता | रत्नागिरी**



कोंकण संभाग के रत्नागिरी जिले में सिंचाई विभाग के एक कार्यकारी अभियंता को 2 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कार्यकारी अभियंता गणेश हरिदास सलगर के रूप में हुई है, जो कुंवारबाव स्थित सिंचाई विभाग कार्यालय में पदस्थ थे। जानकारी के अनुसार, रिश्वत की रकम सीधे नहीं ली गई, बल्कि सहायक कनिष्ठ लिपिक व टाइपिस्ट शेखर चंद्रमणि पवार के माध्यम से ली गई। पहले लिपिक को और बाद में अभियंता सलगर को गिरफ्तार किया गया। शिकायतकर्ता 'शिवकृपा कंस्ट्रक्शन' कंपनी से जुड़े हैं, जिन्होंने मंडणगढ़ तहसील के भोलावली क्षेत्र में जलसंचय बांध पर मिट्टी भराव का काम ठेके पर लिया था।

### बिल पास कराने के लिए मांगी रिश्वत

विभाग द्वारा पहले दो भुगतान किए जा चुके थे, लेकिन तीसरे बिल (11.30 लाख रुपए) के भुगतान के लिए अभियंता सलगर ने 18 मार्च 2026 को 3.40 लाख रुपए की रिश्वत की मांग की थी। एसीबी की टीम ने जाल बिछाकर आरोपी को 2 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। इस कार्रवाई के बाद विभाग में हड़कंप मच गया है। एंटी करप्शन ब्यूरो ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने संकेत दिया है कि इस प्रकरण में अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा सकती है।

# वृंदावन सोसाइटी में पेड़ गिरने से तीन कारें क्षतिग्रस्त

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

वृंदावन सोसाइटी स्थित साई तुलसी सोसाइटी परिसर में शुक्रवार शाम करीब 6:26 बजे एक विशाल पेड़ गिर गया, जिससे वहां खड़ी तीन कारों को भारी नुकसान पहुँचा है। ठाणे आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार, इस घटना में गनीमत रही कि कोई हताहत (कैजुअल्टी) नहीं हुई।

सूचना मिलते ही आपदा प्रबंधन दल और दमकल विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुँचे और गिरे हुए पेड़ को काटकर रास्ता साफ किया। पेड़ गिरने की चपेट में आने वाली गाड़ियों में एक वैगनआर (पिछला और दाहिना हिस्सा क्षतिग्रस्त), एक महिंद्रा XUV 500 (छत और पिछला हिस्सा बुरी तरह डैमेज), और एक अर्टिगा (छत क्षतिग्रस्त) शामिल हैं।



# 150 दिन के सुधार कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों का सम्मान

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य के सभी विभागों को निर्देश दिया है कि वे प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता और विश्वसनीयता के त्रिसूत्र पर काम करें। उन्होंने कहा कि नागरिकों को सभी सरकारी सेवाएं एक ही माध्यम से उपलब्ध कराने के लिए ई-गवर्नेंस को प्राथमिकता दी जाए। मुंबई के सह्याद्री अतिथिगृह में आयोजित कार्यक्रम में '150 दिन के ई-गवर्नेंस सुधार' के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभागों और अधिकारियों को मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आईटी मंत्री आशीष शेलार, मुख्य सचिव राजेश अग्रवाल और डीजीपी सदानंद दाते सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अलग-अलग सरकारी वेबसाइट्स से नागरिकों में भ्रम की स्थिति बनती है। इसे समाप्त करने के लिए 'वन स्टेट, वन पोर्टल' की अवधारणा लागू की जाएगी, जिससे सभी सेवाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होंगी।

### महा आईडी से मिलेगा सभी योजनाओं का लाभ

राज्य में 'महा आईडी' प्रणाली लागू करने की योजना है, जिसके तहत हर नागरिक को एक यूनिक आईडी दी जाएगी। इसी आईडी के माध्यम से वे सभी सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकेंगे और डेटा के दुरुपयोग पर भी रोक लगेगी। मुख्यमंत्री ने ई-ऑफिस प्रणाली को पूरी तरह 'नो पेपर' बनाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए समयबद्ध योजना तैयार की जाएगी, जिससे प्रशासनिक कार्य अधिक तेज और पारदर्शी बनेंगे।

### महासारथी पोर्टल का लोकार्पण

कार्यक्रम में 'महासारथी' पोर्टल लॉन्च किया गया, जो राज्य का एकीकृत डेटा बैंक होगा। इसके माध्यम से विभिन्न विभागों का डेटा एक जगह उपलब्ध रहेगा, जिससे डेटा आधारित निर्णय लेना आसान होगा।

### एआई तकनीक को बढ़ावा

कृषि विभाग के 'महा-विस्तार' एआई एप को देश में एक मॉडल के रूप में सराहा गया। इसमें कृषि जानकारी, मौसम पूर्वानुमान और आदिवासी भाषाओं का समावेश है। मुख्यमंत्री ने अन्य विभागों को भी एआई तकनीक अपनाने के निर्देश दिए।

## उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए महाराष्ट्र सरकार का बड़ा फैसला

# लाइसेंस प्रक्रिया आसान, बिजली दरों में चरणबद्ध कमी का ऐलान

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र सरकार ने उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए लाइसेंस (अनुमति) प्रक्रिया को सरल बनाने का बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इससे राज्य देश का सबसे प्रतिस्पर्धी औद्योगिक केंद्र बनेगा। सरकार ने 33 में से 20 अनुमतियों को सेल्फ सर्टिफिकेशन (स्व-प्रमाणन) के आधार पर देने की व्यवस्था लागू कर दी है।



शेष 13 अनुमतियों को भी कम करने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। उद्योगों के लिए बिजली दरों में अगले पांच वर्षों में क्रमिक कमी की जाएगी। वर्तमान दर 10.88 प्रति यूनिट है, जिसे घटाकर 9.97 प्रति यूनिट तक लाने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार का दावा है कि 2028-29 तक महाराष्ट्र देश में सबसे कम बिजली दर वाला राज्य बन सकता है।

### 'मैत्री पोर्टल' से वन-स्टॉप मंजूरी

सरकार ने 'मैत्री पोर्टल' को अधिक सशक्त बनाया है, जिससे उद्योगों को एक ही मंच पर सभी जरूरी मंजूरियां मिल सकेंगी। इससे प्रक्रियाएं तेज और पारदर्शी होंगी। नई व्यवस्था के तहत उद्योगों के आवेदन की ऑनलाइन ट्रैकिंग संभव होगी। तय समय में सेवा न मिलने पर कार्रवाई का प्रावधान भी रखा गया है, जिससे जवाबदेही सुनिश्चित होगी। सरकार पर्यावरण अनुकूल औद्योगिक विकास पर जोर दे रही है। इसके तहत कॉमन इफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (CETP), सर्कुलर इकॉनॉमी और ग्रीन टेक्नोलॉजी को बढ़ावा दिया जाएगा। इस पहल से छोटे और मध्यम उद्योगों (MSME) को भी फायदा होगा। सरकार बड़े उद्योगों के साथ उनके सप्लायर नेटवर्क को भी मजबूत करने की योजना बना रही है।

# नाले में फंसे बिल्ली के बच्चे का सफल रेस्क्यू




**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

चंदनवाड़ी इलाके में शनिवार (28 मार्च) की सुबह एक बेजुबान की जान बचाने के लिए आपदा प्रबंधन और अग्निशमन विभाग ने तत्परता दिखाई। शहीद उद्यान के सामने स्थित शिवदर्शन बिल्डिंग के पीछे एक गहरा नाला है, जिसमें एक बिल्ली का बच्चा फंस गया था। ठाणे महानगर पालिका के आपदा प्रबंधन सेल को सुबह करीब 10:20 बजे इसकी सूचना मिली, जिसके तुरंत बाद रेस्क्यू टीम और फायर ब्रिगेड के जवान मौके पर पहुँचे। टीम ने बिना देरी किए सावधानीपूर्वक ऑपरेशन चलाकर बिल्ली के बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस रेस्क्यू के बाद स्थानीय निवासियों ने राहत की सांस ली और प्रशासन की त्वरित कार्रवाई की सराहना की।

# ई-गवर्नेंस में ठाणे जिला परिषद का शानदार प्रदर्शन

## 150 दिवसीय सुधार कार्यक्रम में राज्य में तीसरा स्थान, सीएम ने किया सम्मानित

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

महाराष्ट्र सरकार के '150 दिवसीय ई-गवर्नेंस सुधार कार्यक्रम' के तहत किए गए मूल्यांकन में ठाणे जिला परिषद ने पूरे राज्य में तीसरा स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि प्रशासनिक सुधार और डिजिटल सेवाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। 28 मार्च 2026 को मुंबई के मलाबार हिल स्थित सह्याद्री गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) रंजीत यादव को 'बेस्ट ऑफिस हेड' के रूप में प्रशंसा पत्र प्रदान किया।



### वरिष्ठ अधिकारियों की रही मौजूदगी

इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्य एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री आशीष शेलार, मुख्य सचिव राजेश कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राज्यभर के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभागों को सम्मानित किया गया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी रंजीत यादव ने इस उपलब्धि का श्रेय सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को दिया। उन्होंने विशेष रूप से उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सामान्य प्रशासन) अविनाश फड़तारे के योगदान की सराहना की। सीईओ रंजीत यादव ने कहा कि यह सफलता पूरी टीम के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है और जिला परिषद भविष्य में भी नागरिकों को बेहतर, आधुनिक और प्रभावी सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी।

## ठाणे पुलिस आयुक्तालय ई-गवर्नेंस में राज्य में दूसरे स्थान पर

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**



महाराष्ट्र सरकार के '150-दिवसीय ई-गवर्नेंस इम्प्रूवमेंट प्रोग्राम' के तहत ठाणे पुलिस आयुक्तालय ने राज्य के 12 आयुक्तालयों के बीच दूसरा स्थान हासिल कर प्रशासनिक सेवा में नया बेंचमार्क स्थापित किया है। इस उपलब्धि पर 28 मार्च 2026 को मुंबई में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे और उनकी टीम को सम्मानित किया। यह सम्मान उनकी आधुनिक और पारदर्शी कार्यशैली का प्रमाण माना जा रहा है। यह सफलता केवल प्रशासनिक बदलाव नहीं, बल्कि अत्याधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग का परिणाम है। आयुक्तालय ने आम नागरिकों को तेज़ और पारदर्शी सेवाएं देने के लिए डिजिटल सिस्टम को मजबूती दी है। ठाणे पुलिस ने अपने कामकाज में सुधार के लिए सात मुख्य बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित किया। इनमें अधिकृत वेबसाइट को सुरक्षित और उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाना शामिल है, जिसे WCAG 2.1 AA मानकों के अनुसार दिव्यांगजनों के लिए भी सुलभ बनाया गया है।

### ई-ऑफिस सिस्टम का पूर्ण उपयोग

प्रशासनिक कार्यों में तेजी लाने के लिए ई-ऑफिस सिस्टम को 100% अपनाया गया। कुल 2,17,652 फाइलों का डिजिटल निपटारा किया गया, जो 98.65% की प्रभावशाली दर दर्शाता है। इस श्रेणी में ठाणे पुलिस राज्य में शीर्ष स्थान पर रही। 'आपले सरकार' पोर्टल के माध्यम से प्राप्त 2,196 आवेदनों में से 2,093 का सफल निपटारा किया गया, जिससे 95.35% की सफलता दर हासिल हुई। इसके अलावा PG पोर्टल पर 99% और सिटीजन पोर्टल पर 99.68% शिकायतों का समाधान किया गया।

# भू-अधिग्रहण के 28 हजार मामलों का निपटारा

## 57 नए मध्यस्थ नियुक्त किसानों को जल्द मुआवजे की उम्मीद

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं से जुड़े भू-अधिग्रहण के हजारों लंबित मामलों को सुलझाने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। राज्य में 57 नए मध्यस्थ (लवाद) नियुक्त किए गए हैं, जिससे प्रभावित किसानों और परियोजना प्रभावितों को राहत मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निर्देश पर राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया। केंद्रीय मंत्री नितीन गडकरी के साथ कई दौर की बैठकों और लगातार प्रयासों के बाद यह निर्णय संभव हो सका।



### 28 हजार से अधिक मामले थे लंबित

राज्य में एनएचएआई की विभिन्न परियोजनाओं से जुड़े 28 हजार से अधिक मुआवजा मामले वर्षों से लंबित थे। इनमें से कई प्रकरण तीन साल से अधिक समय से अटके हुए थे, जिससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

### अनुभवी अधिकारियों को मिली जिम्मेदारी

नवनियुक्त 57 मध्यस्थों में अतिरिक्त आयुक्त और अतिरिक्त जिलाधिकारी स्तर के अनुभवी अधिकारियों को शामिल किया गया है, जो पारदर्शी और तेज़ प्रक्रिया के तहत इन मामलों का निपटारा करेंगे।

### नियमित निगरानी और संसाधन की व्यवस्था

मध्यस्थों के कार्य की हर महीने समीक्षा संभागीय आयुक्तों द्वारा की जाएगी। साथ ही, एनएचएआई की ओर से आवश्यक संसाधन और फंड उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि काम में कोई बाधा न आए। राजस्व मंत्री बावनकुले ने कहा कि इस निर्णय से लंबित मामलों का समयबद्ध निपटारा होगा, जिससे किसानों को समय पर मुआवजा मिलेगा।

### छह राजस्व विभागों में होगा काम

ये मध्यस्थ कोकण, पुणे, नाशिक, छत्रपति संभाजीनगर, अमरावती और नागपुर—इन छह राजस्व विभागों के जिलों में काम करेंगे। जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि लंबित मामलों को तुरंत इन अधिकारियों में बांटा जाए।

# महाराष्ट्र में ऊर्जा संकट से निपटने की तैयारी



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

ईरान-इजरायल युद्ध के चलते भविष्य में होने वाली एलपीजी (LPG) किल्लत को देखते हुए महाराष्ट्र सरकार ने युद्धस्तर पर कदम उठाना शुरू कर दिया है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल ने आगाह किया है कि पश्चिम एशिया के संघर्ष के कारण अगले तीन महीनों में गैस आपूर्ति प्रभावित हो सकती है, जिससे निपटने के लिए अब नई इमारतों को ओक्यूपेंसी सर्टिफिकेट (OC) देने से पहले बिजली और पानी की तरह पीएनजी (PNG) कनेक्शन को भी अनिवार्य करने का प्रस्ताव दिया गया है। पाइपलाइन बिछाने की मंजूरी प्रक्रिया को तेज करते हुए अब विभिन्न विभागों की अनुमतियां 24 घंटे में 'स्वतः स्वीकृत' मानी जाएंगी, और जिन क्षेत्रों में गैस की कमी होगी, वहां पेट्रोल पंपों के माध्यम से केरोसिन उपलब्ध कराया जाएगा। केंद्र सरकार के साथ हुई उच्च स्तरीय बैठक के बाद राज्य में वैकल्पिक ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित करने और पुराने केरोसिन डीलरों के लाइसेंस नवीनीकरण को भी तत्काल हरी झंडी दे दी गई है ताकि आम जनता को ईंधन की किल्लत का सामना न करना पड़े।

# बीएमसी में स्ट्रीट वेंडर्स चुनाव की मतगणना शुरू

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश के बाद मुंबई महानगरपालिका ने शहर के स्ट्रीट वेंडर्स की मेन कमेटी और सात ज़ोनल कमेटियों के चुनावों की मतगणना शनिवार से शुरू कर दी है। लंबे समय से रुकी प्रक्रिया अब फिर से पटरी पर आ गई है। शनिवार को शुरू हुई वोटों की गिनती रविवार सुबह तक पूरी होने की संभावना है। इसके बाद आधिकारिक तौर पर चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे।



### कॉर्पोरेशन हॉल में चल रही गिनती

म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के कमेटी हॉल नंबर 1 और 2 में मतगणना की प्रक्रिया चल रही है। कुल आठ समितियों—एक मेन कमेटी और सात ज़ोनल कमेटियों—के लिए वोटों की गिनती की जा रही है। ज़ोनल 1, 2 और 4 की मतगणना पूरी हो चुकी है, जबकि बाकी ज़ोनल कमेटियों के वोटों की गिनती अभी जारी है। पूरी प्रक्रिया के बाद ही अंतिम नतीजे सामने आएंगे।

### 136 बैलेट बॉक्स से हो रही गिनती

स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखे गए 136 बैलेट बॉक्स को निकालकर रिटर्निंग ऑफिसर्स को सौंपा गया। करीब 200 से 250 कर्मचारियों की मदद से उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों की मौजूदगी में दोपहर 12 बजे गिनती शुरू हुई।
स्ट्रीट वेंडर्स कमेटियों के चुनाव 29 अगस्त 2024 को कराए गए थे, जिसमें करीब 49 .46 प्रतिशत मतदान हुआ था। हालांकि, इस प्रक्रिया को लेकर कई याचिकाएं अदालत में दायर की गई थीं।

### हाई कोर्ट ने हटाई थी रोक

पिछले सोमवार को बॉम्बे हाई कोर्ट ने चुनाव प्रक्रिया को 'अस्वीकार्य' बताते हुए मतगणना पर लगी रोक हटा दी थी और प्रशासन को बिना देरी किए नतीजे घोषित करने के निर्देश दिए थे। इसी के तहत अब मतगणना की प्रक्रिया शुरू की गई है।

# ठाकरे गुट में अपनों में ही जंग

## चंद्रकांत खैरे का अंबादास दानवे पर 18 करोड़ के घोटाले का आरोप

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) गुट के भीतर चल रही अंदरूनी कलह अब खुलकर सड़कों और मीडिया के सामने आ गई है। छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद) में पार्टी के गिरते ग्राफ और जिला परिषद चुनावों में हुई 'बगावत' को लेकर वरिष्ठ नेता चंद्रकांत खैरे ने अपनी ही पार्टी के विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पार्टी के पुराने और भरोसेमंद नेता चंद्रकांत खैरे ने बिना नाम लिए अंबादास दानवे पर सीधा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि उनके पूरे राजनीतिक करियर में 1 लाख के भी हेरफेर का दाग नहीं लगा, लेकिन शहर की जिम्मेदारी संभालने वाले एक नेता पर 18 करोड़ के घोटाले के आरोप हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि इतने गंभीर आरोपों के बावजूद उन पर अब तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई?

### जिला परिषद में सौदेबाजी का आरोप



छत्रपति संभाजीनगर महानगर पालिका में कभी मजबूत रहने वाली शिवसेना (UBT) अब केवल 6 नगरसेवकों पर सिमट गई है। वहीं, जिला परिषद में भी पार्टी की संख्या घटकर 9 रह गई है। खैरे का मानना है कि जिन नेताओं को जिम्मेदारी दी गई थी, उन्होंने ही निजी स्वार्थ के लिए संगठन को खोखला कर दिया। खैरे ने आरोप लगाया कि जिला परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनाव के दौरान भाजपा ने ठाकरे गुट के 3 सदस्यों को तोड़ लिया।

### 'उद्धव जी से मिलकर मांगूंगा इंसाफ'

चंद्रकांत खैरे ने ऐलान किया है कि वे जल्द ही मुंबई जाकर उद्धव ठाकरे से मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा कि वे हाथ जोड़कर विनती करेंगे कि पार्टी को नुकसान पहुँचाने वाले ₹जिम्मेदार₹ लोगों पर सख्त कदम उठाए जाएं। खैरे के इस रुख से मराठवाड़ा के संगठन में दो फाड़ होने की संभावना बढ़ गई है। विवाद की एक बड़ी वजह राज्यसभा की सीट भी मानी जा रही है। खैरे ने बताया कि उन्हें लातूर, धाराशिव और सोलापुर जैसे जिलों की जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन शहर का प्रभार दूसरे नेता (दानवे) के पास था।

# कांग्रेस की 'किसान संघर्ष न्याय यात्रा' 30 मार्च से शुरू

## सुरतगांव से तुलजापुर तक पदयात्रा, किसानों के मुद्दों पर जोर

देवेंद्रनाथ जैस्वार | मुंबई

महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने किसानों के अधिकारों और समस्याओं को लेकर 'किसान संघर्ष न्याय यात्रा' निकालने का ऐलान किया है। यह पदयात्रा 30 मार्च (सोमवार) को धाराशिव जिले के सुरतगांव से शुरू होकर तुलजापुर तक जाएगी।
इस यात्रा का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल करेंगे। इसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में किसान शामिल होंगे। यात्रा सुबह 8 बजे सोलापुर-तुलजापुर महामार्ग स्थित सुरतगांव से शुरू होगी।

### तुलजापुर में सभा के साथ समापन



पदयात्रा का समापन शाम 5 बजे तुलजापुर के शारदा मंगल कार्यालय में आयोजित सभा के साथ होगा, जहां किसानों के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि भाजपा सरकार की नीतियां उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने वाली हैं, जिससे किसान वर्ग प्रभावित हो रहा है। किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है और आय दोगुनी करने के दावे भी अधूरे हैं। पार्टी ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पर कानून नहीं बनाया गया है और MSP से कम दाम देने वालों पर कार्रवाई भी नहीं हो रही। साथ ही किसानों की आत्महत्या के मामलों में बढ़ोतरी चिंता का विषय बनी हुई है।

# पश्चिम, मध्य और ट्रांस-हार्बर लाइन पर मेगा ब्लॉक, 299 ट्रेनें रद्द

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई के रेल यात्रियों के लिए रविवार का दिन मुश्किलों भरा रहने वाला है क्योंकि पश्चिम और मध्य रेलवे ने रखरखाव और मरम्मत कार्यों के लिए भारी मेगा ब्लॉक घोषित किया है। पश्चिम रेलवे पर कांदिवली और बोरीवली के बीच ब्रिज संख्या 61 के री-गर्डरिंग कार्य के चलते शनिवार रात 22:30 बजे से रविवार शाम 19:30 बजे तक ब्लॉक रहेगा, जिसके कारण कुल 299 लोकल ट्रेनें रद्द की गई हैं; इस दौरान स्लो लाइन की ट्रेनें फास्ट ट्रैक पर चलेंगी और राम मंदिर, मालाड एवं कांदिवली स्टेशनों पर नहीं रुकेंगी। मध्य रेलवे की मेन लाइन पर माटुंगा-मुलुंड के बीच सुबह 11:05 से दोपहर 15:55 तक ब्लॉक रहेगा, जिससे ट्रेनें 15 मिनट की देरी से चलेंगी। सबसे अधिक असर ट्रांस-हार्बर लाइन पर पड़ेगा, जहाँ ठाणे से वाशी/नेरुल/पनवेल के बीच सुबह 10:25 से शाम 16:09 तक सेवाएं पूरी तरह निलंबित रहेंगी।

# राकां में महिला प्रदेशाध्यक्ष पद की दौड़ तेज

## पांच दावेदारों के नाम चर्चा में

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

ढोंगी तांत्रिक अशोक खरात मामले के बाद बढ़ते विवाद और राजनीतिक दबाव के चलते रूपाली चाकणकर ने पहले राज्य महिला आयोग और फिर राष्ट्रवादी कांग्रेस (अजीत पवार गुट) के महिला प्रदेशाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद पार्टी में नए नेतृत्व की तलाश तेज हो गई है। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों और विपक्ष के तीखे हमलों के कारण चाकणकर पर नैतिक दबाव बढ़ा। हालांकि, उन्होंने अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। इस पूरे मामले की जांच एसआईटी के जरिए जारी है।



### पांच नामों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा

सूत्रों के मुताबिक, महिला प्रदेशाध्यक्ष पद के लिए सना मलिक, सरोज अहिरे, वैशाली नागवडे, राजलक्ष्मी भोसले और प्रतिभा शिंदे के नाम प्रमुख रूप से सामने आ रहे हैं।

# 40 विधायकों के नाम सार्वजनिक करने की उठाई मांग

## खरात प्रकरण पर बढ़ा आरोप-प्रत्यारोप

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

नाशिक के कथित 'पाखंडी बाबा' अशोक खरात मामले को लेकर महाराष्ट्र की राजनीति गरमा गई है। इस मुद्दे पर अब आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राऊत ने मांग की है कि अशोक खरात के संपर्क में रहे 40 विधायकों के नाम सार्वजनिक किए जाएं। उन्होंने कहा कि यह जानकारी जनता के सामने आनी चाहिए।



### दीपक केसरकर के बयान का हवाला

राऊत ने कहा कि सत्ताधारी दल के विधायक दीपक केसरकर ने खुद दावा किया था कि 40 विधायक खरात के संपर्क में थे। ऐसे में अब उन सभी के नाम उजागर किए जाने चाहिए। राऊत ने यह भी सवाल उठाया कि खरात को दिल्ली जाने के लिए विमान यात्रा की सुविधा किसने उपलब्ध कराई। उन्होंने मांग की कि सरकार उन नेताओं के नाम भी सामने लाए, जिन्होंने उसे यह सुविधा दी।

### मुख्यमंत्री से स्थिति स्पष्ट करने की मांग

राऊत ने आरोप लगाया कि खरात का साथ देने वाले लोग आज भी सत्ता में हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से इस पूरे मामले पर स्थिति स्पष्ट करने और संबंधित मंत्रियों पर कार्रवाई करने की मांग की।
इस मुद्दे को गंभीर बताते हुए राऊत ने सरकार से सर्वदलीय बैठक बुलाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता के नेतृत्व में एक टीम बनाकर इस मामले की निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए।

# मौसम में उतार-चढ़ाव, कई इलाकों में बारिश के आसार

**मुंबई।** राज्य के मौसम में पिछले कुछ दिनों से तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है। दक्षिण कोंकण और मध्य महाराष्ट्र के कई हिस्सों में बारिश दर्ज की गई है, वहीं कुछ क्षेत्रों में अधिकतम तापमान में भी बढ़ोतरी हुई है। कई जगहों पर बारिश और ओलावृष्टि के कारण किसान संकट में आ गए हैं। शुक्रवार को उत्तर कोंकण के कुछ हिस्सों में गर्म और उमस भरा मौसम रहा, जबकि शनिवार को तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गई। वहीं विदर्भ के कई इलाकों में तापमान 1 से 2 डिग्री तक बढ़ा, जहां अकोला में सबसे अधिक 41.2 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, 30 मार्च से 1 अप्रैल के बीच राज्य के अधिकांश हिस्सों में तेज हवाओं, गरज-चमक और बारिश की संभावना है। आने वाले चार दिनों में तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा, लेकिन उसके बाद 2 से 3 डिग्री तक गिरावट दर्ज की जा सकती है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिल सकती है।

**अस्थायी रूप से टर्मिनल में परिवर्तन ट्रेन संख्या 12933/34 कर्णावती एक्सप्रेस का टर्मिनल मुंबई सेंट्रल से बदलकर बांद्रा टर्मिनस कर दिया गया है**

यात्रा प्रारंभ दिनांक 01.04.2026 से 27.04.2026 तक लागू

| ट्रेन संख्या 12933 बांद्रा टर्मिनस - वटवा कर्णावती एक्सप्रेस का संशोधित समय | | स्टेशन | ट्रेन संख्या 12934 अहमदाबाद - बांद्रा टर्मिनस कर्णावती एक्सप्रेस का संशोधित समय | |
|---|---|---|---|---|
| प्रस्थान | आगमन | | प्रस्थान | आगमन |
| 13:55 बजे | - | बांद्रा टर्मिनस | - | 12:30 बजे |

मध्यवर्ती स्टेशनों के समय में कोई परिवर्तन नहीं होगा

समय, ठहराव एवं कोच संरचना की विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर देखें

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
Like us & Follow us on:
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान पत्र साथ लाएँ

**पश्चिम रेलवे**
**सिग्नल एवं टेलीकॉम कार्य**

वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं टेलीकॉम इंजीनियर (उत्तर), मुंबई सेंट्रल, दूसरी मंजिल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, मुंबई सेंट्रल, मुंबई-400 008, **ई-टेंडर संख्या: SG_216_2_156_WA दिनांक 23/03/2026 आमंत्रित करते हैं। कार्य एवं स्थान:** सिग्नल एवं टेलीकॉम कार्य संबंधी **(1) विरार - सूरत -TTR (TWS+WCMS) 87 संख्या एवं TSEJ 56 संख्या (2) जोरावासन TRR(P) -जोरावासन -सूरत (DN) -8.702 Tkm। (3) विरार --CTR (P) - 0.632 Tkm, TRR(P) - 4.146 Tkm एवं TSR(P) - 3.404 Tkm** विरार - सूरत खंड के मुंबई मंडल के। **कार्य का अनुमानित लागत:** 1,24,31,262.39। **EMD:** 2,48,700/-। **ई-टेंडर दस्तावेजों की जमा करने की समापन तिथि एवं समय:** 21.04.2026 तक, 15:00 घंटे। **ई-टेंडर खोलने की तिथि एवं समय:** 21.04.2026 को 15:30 घंटे पर। टेंडर वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।
1254
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**
**सोलापुर मंडल**
**विविध अभियांत्रिकी कार्य**

**निविदा क्र.: 10-20226 SrDENS,** मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) सोलापुर, भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी और से निम्नलिखित कार्यों के लिये ई-निविदये आमंत्रित करते है. **कार्य का नाम :** 1) सोलापुर के पोर्टर चॉल कॉलोनी स्थित बालविकास स्कूल की मरम्मत। 2) सोलापुर के कंट्रोल ऑफिस के ऊपर प्रथम तल पर कवच NMS एवं FAT सेटअप कक्ष का निर्माण। 3) होटगी स्टेशन पर प्लेटफॉर्म संख्या 2 एवं 3 पर स्थित मौजूदा सर्विस बिल्डिंग के कमरों का नवीनीकरण। 4) सिद्धेश्वर रेलवे ऑफिसर्स क्लब, सोलापुर में खेल अवसंरचना हेतु प्रस्ताव, जिसमें मानक लॉन टेनिस कोर्ट, स्क्वैश कोर्ट एवं बैडमिंटन हॉल शामिल हैं। **अनुमानित लागत:** ₹4,10,92,425.53, **बयाना रक्कम:** ₹8,21,900.00, **समापन की अवधी:** 12 माह, **अनुरक्षण की अवधी:** 24 माह, www.ireps.gov.in इस वेब साईट पर टेंडर अपलोड करणे कि अंतिम दिनांक और समय: 16.04.2026 को 15:00 बजे तक, www.ireps.gov.in इस वेब साईट पर टेंडर खुलने का दिनांक और समय: 16.04.2026 को 15:30 बजे निविदाकारोंसे निवेदन हैं की कोइ बदलाव/शुद्धिपत्र(यदि हो) के लिये वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर टेंडर बंद होने की तारीख तक समय समय पर भेंट दे।
**मं. रे. प्र. (कार्य), सोलापुर**
खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है 10

**जाहीर सूचना**

परिवार न्यायलय देवरिया (यू. पी .)
भरण पोषण मुकदमा नंबर, – 1782/024

रीमा प्रति रंजीत
अंतर्गत धारा – 144 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता
थाना - बघौचघाट
जिला - देवरिया

नोटिस बनाम : रंजीत बउम्र 35 वर्ष
पुत्र बासदेव हाल मुकाम :- बोरिवली (ईस्ट) मुंबई, (महाराष्ट्र ),
राम लखन बाड़ी रूम नंबर, 89, दौलत नगर
एस. वी. रोड, भागीरथी किराणा स्टोर
पिन कोड:- 400066
ता० पेशी दि० :- 24-04-2026

**मध्य रेल**
**सोलापुर मंडल**
**विविध अभियांत्रिकी कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) सोलापुर, भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी और से निम्नलिखित कार्यों के लिये ई-निविदये आमंत्रित करते है. **निविदा क्र.:** 11-20226-SrDENS, **कार्य का नाम :** 1. (A) एडीईएन/कलबुरागी उप मंडल के अंतर्गत वाडी में कुन्नूर पंप हाउस की 300 मिमी व्यास की 9000 मीटर लंबी पाइपलाइन का प्रतिस्थापन। (B) [i] एडीईएन/कलबुरागी उप मंडल के अंतर्गत बाबलाद पप हाउस से केएलबीजी फिल्टर प्लांट तक 200 मिमी व्यास की 4500 मीटर लंबी पाइपलाइन का प्रतिस्थापन। [ii] एडीईएन/कलबुरागी उप मंडल के अंतर्गत शाहाबाद पंप हाउस से शाहाबाद फिल्टर प्लांट तक 200 मिमी व्यास की 3650 मीटर लंबी पाइपलाइन का प्रतिस्थापन। 2. रेलवे अस्पताल सोलापुर में स्टोर, डॉर्मिटरी (विश्राम गृह) एवं गार्डन का निर्माण कार्य। **अनुमानित लागत** ₹9,11,22,469.86, **बयाना रक्कम:** ₹18,22,500.00, **समापन की अवधी:** 12 Months, **अनुरक्षण की अवधी:** 24 Months, www.ireps.gov.in इस वेबसाईट पर टेंडर अपलोड करणे कि अंतिम दिनांक और समय: 20.04.2026 को 15:00 बजे तक, www.ireps.gov.in इस वेब साईट पर टेंडर खुलने का दिनांक और समय: 20.04.2026 को 15:30 बजे निविदाकारोंसे निवेदन हैं की कोइ बदलाव/ शुद्धिपत्र(यदि हो) के लिये Website: www.ireps.gov.in. पर टेंडर बंद होने की तारीख तक समय समय पर भेंट दे।
**मं. रे. प्र. (कार्य),सोलापुर**
खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है 11

**मध्य रेल**
**भुसावल मंडल**
**कवर शेड कार्य**

**ई-निविदा सूचना संख्या: DRM W BSL 09 2026t2**

राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबंधक (कार्य) मध्य रेल, भुसावल द्वारा पंजीकृत निविदाकारों के लिए ई-निविदा निम्नलिखित कार्यों के लिए आमंत्रित किया जाता है- जो इस वेबसाइट www.irepsgov.in पर उपलब्ध है/देखें जा सकतें है। **कार्य का नाम:** KBSN, KW, ODHA, NK एवं DVL रेलवे परिसरों में यात्री आवागमन मार्ग के साथ सतत कवर शेड (2500x 6 मीटर) का प्रावधान। (पी.आई.डी.: 01.01.53.25.3.50.025) **अनुमानितलागत: ₹4,22,68,882.41 बोली प्रतिभूति: ₹8,45,400.00 Notes:** निविदा अनुक्रमांक 1 की अंतिम तिथि 16/04/2026 समय 15.00 Hrs. तक। संभावित निविदाकारों से अनुरोध है वे निविदाओं और शुद्धिपत्र, यदि कोई होतो अधिक जानकारी के लिए www.irepsgov.in वेबसाइट पर देख सकते है। निविदा सूचना मं. रे. प्र. (कार्य) कार्यालय, भुसावल के नोटिस बोर्ड पर भी लगाई गई है। निविदाकार उपर्युक्त ई-निविदा में केवल वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से भाग ले सकते हैं और ई-निविदा के लिए मैन्युअल ऑफ़र प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं है. यदि कोई मैन्युअल ऑफ़र प्रस्तुत किया जाता है तो उसे न तो खोला जाएगा और न ही उस पर विचार किया जाएगा। निविदा दस्तावेज और EMD की लागत का भुगतान,IREPS पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइनभुगतान प्रणाली जैसे कि नेट बैंकिंग, डेबिट/क्रेडिट कार्ड आदि से किया जा सकता है।
**मंडल रेल प्रबंधक(कार्य)भुसावल**
खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है 11

**मध्य रेल**
**सोलापुर मंडल**
**विविध अभियांत्रिकी कार्य**

**निविदा क्र.: 09-2026-SrDENCO** मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) सोलापुर, भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी और से निम्नलिखित कार्यों के लिये ई-निविदये आमंत्रित करते हैं. **कार्य का नाम:** 1) तिलाटी स्टेशन पर शंटिंग नेक का विस्तार कर उसे DN माल लूप लाइन में परिवर्तित करना; ii) BRB स्टेशन पर अतिरिक्त लूप लाइनों की व्यवस्था करना; iii) जहाँ अनुकूल क्रॉसओवर उपलब्ध है वहाँ (SVG, KUL, DUD, BOT, MKPT, AAG, WKA, BLNI, JNTR एवं BGVN) लूप लाइनों को कॉमन लूप लाइन में परिवर्तित करना; iv) घरनी में लातूर-लातूर रोड खंड के बीच नए ब्लॉक स्टेशन का निर्माण। **अनुमानित लागत** ₹ 29,06,17,846.04 **बयाना रक्कम:** ₹8,12,400.00 **समापन की अवधी:** 18 Months **अनुरक्षण की अवधी:** 12 Months **निविदा क्र.:** 10-2026-SrDENCo **कार्य का नाम:** आर्च ब्रिजों का सुधार कार्य, जिसमें बैरल लंबाई का विस्तार तथा ब्रिज संख्या 561/2 DN (स्पैन 3 x 5.60m), 577/1 DN (स्पैन 2×6.10m), 581/1 DN (स्पैन 2×6.10m ) एवं 587/2 UP&DN (स्पैन 5×8.10m) पर रिटेनिंग वॉल, विंग वॉल एवं बैलेस्ट रिटेनर का निर्माण (सोलापुर डिवीजन के DUD-WD खंड में) (पुनः आमंत्रण); 2) सोलापुर डिवीजन में 04 ORN-3 ब्रिजों (536/1A, 589/2, 589/3 DN-SUR-WD खंड तथा 427/3-KWV-MRI खंड) का पुनर्निर्माण (पुनः आमंत्रण)। **अनुमानित लागत रु.:** ₹20,07,47,848.46 **बयाना रक्कम:** ₹40,15,000.00 **समापन की अवधी:** 18 Months **अनुरक्षण की अवधी:** 48 Months **www.Ireps.gov.in इस वेब साईट पर टेंडर अपलोड करणे कि अंतिम दिनांक और समय:** 09-2026-SrDENCO, 10-2026-SrDENCO-20.04.2026 को 15:00 बजे तक **www.ireps.gov.in इस वेब साईट पर टेंडर खुलने का दिनांक और समय:** 09-2026-SrDENCO, 10-2026-SrDENCO-20.04.2026 को 15:30 बजे **निविदाकारोंसे निवेदन हैं की कोइ बदलाव / शुद्धिपत्र (यदि हो) के लिये Website: www.ireps.gov.in. पर टेंडर बंद होने की तारीख तक समय समय पर भेंट दे।**
**मं. रे. प्र. (कार्य),सोलापुर**
खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है 13

संपादकीय

# डिजिटल वॉयरिज़्म

नासिक के चर्चित ज्योतिषी अशोक खरात की गिरफ्तारी ने एक गंभीर आपराधिक जांच को जन्म दिया है, लेकिन इससे भी अधिक चिंताजनक वह सामाजिक प्रतिक्रिया है जो इस पूरे प्रकरण के दौरान सामने आई। यह मामला केवल सत्ता, शोषण और कानून तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि इसने डिजिटल युग में हमारी सामूहिक मानसिकता का एक भयावह चेहरा उजागर कर दिया है। गूगल और टेलीग्राम जैसे प्लेटफॉर्म्स पर "वीडियो डाउनलोड" जैसे कीवर्ड्स का ट्रेंड होना इस बात का संकेत है कि समाज का एक बड़ा वर्ग न्याय से अधिक सनसनी और निजी क्षणों की झलक पाने में रुचि रखता है। किसी भी संवेदनशील और जागरूक समाज में ऐसे मामलों पर प्राथमिकता पीड़ितों को न्याय दिलाने और सच्चाई सामने लाने की होनी चाहिए, लेकिन वर्तमान परिदृश्य में तस्वीर उलटती नजर आ रही है। लोग घटना की गंभीरता को समझने के बजाय "लीक वीडियो" की तलाश में लगे हुए हैं। यह प्रवृत्ति न केवल नैतिक पतन का संकेत है, बल्कि यह उस शोषण को भी बढ़ावा देती है, जिसकी सार्वजनिक रूप से निंदा की जाती है। जब "पीड़ित" की जगह "वीडियो" केंद्र में आ जाता है, तब समाज अपनी संवेदनशीलता खो देता है और न्याय की मूल भावना पीछे छूट जाती है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर वायरल हो रहे अधिकांश वीडियो भ्रामक या संदर्भ से काटे गए होते हैं। कई बार धार्मिक अनुष्ठानों या सामान्य गतिविधियों के क्लिप्स को एडिट कर सनसनीखेज रूप दिया जाता है, जिससे न केवल गलत सूचना फैलती है बल्कि निर्दोष लोगों की छवि भी खराब होती है। इसके साथ ही "अभी डाउनलोड करें" जैसे लिंक एक बड़े साइबर खतरे को जन्म देते हैं। ऐसे लिंक अक्सर मैलवेयर, फिशिंग स्क्रिप्ट या डेटा चोरी करने वाले सॉफ्टवेयर से लैस होते हैं। वीडियो देखने की जिज्ञासा में लोग अपने मोबाइल और निजी जानकारी को खतरे में डाल देते हैं, जो केवल तकनीकी नुकसान ही नहीं बल्कि व्यक्तिगत सुरक्षा पर भी गंभीर प्रहार है। इस पूरे घटनाक्रम का सबसे दुखद पहलू यह है कि कथित "लीक वीडियो" की तलाश और प्रसार, पीड़ित महिलाओं के लिए दोहरी सजा बन जाता है। जिन्हें न्याय और सहानुभूति मिलनी चाहिए, वे बार-बार डिजिटल मंचों पर प्रदर्शित होकर मानसिक प्रताड़ना का सामना करती हैं। यह एक प्रकार का पुनः शोषण है, जो समाज की असंवेदनशीलता और गिरते नैतिक मूल्यों को उजागर करता है। डिजिटल माध्यम, जो आवाज उठाने का साधन बन सकता था, वही पीड़ा को बढ़ाने का माध्यम बन जाता है। बहुत से लोग इसे केवल "देखने" या "शेयर करने" की सामान्य गतिविधि मान लेते हैं, लेकिन कानून इसे गंभीर अपराध की श्रेणी में रखता है। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67 और 67A के तहत अश्लील या यौन स्पष्ट सामग्री का प्रसारण गैर-जमानती अपराध है। इसके अलावा, भारतीय न्याय संहिता में भी किसी महिला की निजता का उल्लंघन करने वाली सामग्री के निर्माण और वितरण पर कठोर दंड का प्रावधान है। स्पष्ट है कि डिजिटल वॉयुरिज्म केवल नैतिक विफलता नहीं, बल्कि कानूनी जोखिम भी है, इसके बावजूद समाज का एक वर्ग इसे महज मनोरंजन के रूप में देखता है। इस मामले की जांच केवल आरोपियों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उन लोगों और नेटवर्क्स तक भी पहुंचनी चाहिए जो इस तरह की सामग्री का प्रसार और व्यापार कर रहे हैं। टेलीग्राम चैनलों और फर्जी वेबसाइट्स के माध्यम से इस प्रकार की घटनाओं का मुद्रीकरण एक संगठित डिजिटल अपराध का रूप ले चुका है। साथ ही सोशल मीडिया कंपनियों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे अपने एल्गोरिदम और सर्च सिस्टम में ऐसे आपत्तिजनक कीवर्ड्स और कंटेंट को नियंत्रित करें, लेकिन सबसे बड़ी जिम्मेदारी समाज की है, जो हर क्लिक के जरिए इस प्रवृत्ति को बढ़ावा देता है।

# कथक: परंपरा, अध्यात्म और आधुनिक जीवन का संगम



**सुजाता मुरकर**
सोशल वर्कर हैं और सीएसआर के अंतर्गत फंड रेज़िंग का लंबा अनुभव है।

युवा कलाकार नए प्रयोग कर रहे हैं, जिससे यह कला और भी आकर्षक बन रही है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कथक की प्रस्तुतियां भारत की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत कर रही हैं। फिर भी, यह आवश्यक है कि हम इसकी मूल भावना को बनाए रखें। कथक केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि एक साधना है। इसकी शक्ति इसकी परंपरा, अनुशासन और आध्यात्मिकता में निहित है। यदि हम केवल बाहरी आकर्षण पर ध्यान देंगे, तो इसकी गहराई कम हो सकती है। कथक हमें सिखाता है कि जीवन भी एक नृत्य है, जिसमें ताल, लय और संतुलन जरूरी है।

भारतीय शास्त्रीय नृत्य परंपराओं में कथक का एक विशेष स्थान है। यह केवल एक नृत्य शैली नहीं, बल्कि कथा, भाव, लय और आध्यात्मिक अनुभूति का सुंदर मेल है। "कथक" शब्द "कथा" से बना है, जिसका अर्थ है—कहानी कहना। प्राचीन समय में कथावाचक मंदिरों और जनसमूहों के बीच नृत्य और अभिनय के माध्यम से देव कथाएं सुनाते थे। यही परंपरा धीरे-धीरे विकसित होकर कथक के रूप में सामने आई। इस प्रकार कथक की जड़ें भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता में गहराई से जुड़ी हुई हैं। कथक का इतिहास अत्यंत समृद्ध और रोचक है। इसकी शुरुआत उत्तर भारत के मंदिरों से हुई, जहां कलाकार भगवान कृष्ण और राम की लीलाओं को भाव और लय के साथ प्रस्तुत करते थे। बाद में मुगल काल में यह नृत्य दरबारों तक पहुंचा, जहां इसमें नजाकत, सुंदरता और तकनीकी कौशल का विकास हुआ। लखनऊ, जयपुर और बनारस घराने कथक के प्रमुख केंद्र बने, जिनकी अपनी-अपनी शैली और विशेषताएं हैं। उदाहरण के लिए, जयपुर घराना अपनी तेज गति और मजबूत पदचाप के लिए जाना जाता है, जबकि लखनऊ घराना भाव और अभिनय के लिए प्रसिद्ध है। कथक से जुड़े कई रोचक तथ्य इसे और भी विशेष बनाते हैं। एक कुशल कथक नर्तक के पैरों की थाप इतनी तेज होती है कि वह प्रति मिनट 300 से अधिक बोल प्रस्तुत कर सकता है। घुंघरू, जो कथक का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, उनकी संख्या सामान्यतः 100 से 200 के बीच होती है, जबकि अनुभवी कलाकार 400 तक घुंघरू पहनते हैं। यह केवल सजावट नहीं, बल्कि लय और ताल की सजीव अभिव्यक्ति है। घुंघरुओं की हर ध्वनि नर्तक के कदमों के साथ मिलकर एक अनूठा संगीत रचती है। कथक का आध्यात्मिक पक्ष इसे और भी गहरा बनाता है। यह केवल शरीर की गति नहीं, बल्कि आत्मा की अभिव्यक्ति है। जब नर्तक मंच पर उतरता है, तो वह अपने भीतर की भावनाओं को ईश्वर के प्रति समर्पित करता है। यह एक प्रकार की साधना है, जिसमें मन, शरीर और आत्मा का समन्वय होता है।

कथक हमें सिखाता है कि जीवन भी एक लयबद्ध यात्रा है, जिसमें संतुलन और सजगता आवश्यक है। जीवन के संदर्भ में कथक का महत्व अत्यंत गहरा है। यह हमें अनुशासन, धैर्य और निरंतर अभ्यास का महत्व सिखाता है। एक नर्तक को वर्षों तक नियमित अभ्यास करना पड़ता है। विशेषज्ञों के अनुसार, एक अच्छे कथक नर्तक बनने में कम से कम 8 से 10 वर्षों का कठिन अभ्यास लगता है। यह हमें यह समझाता है कि किसी भी क्षेत्र में सफलता पाने के लिए समय, मेहनत और समर्पण आवश्यक है। कथक का एक महत्वपूर्ण पक्ष अभिनय भी है। इसमें आंखों, हाथों और चेहरे के भावों के माध्यम से पूरी कहानी कही जाती है। बिना शब्दों के भी दर्शक भावों को समझ लेते हैं। यह कला जीवन में भी उपयोगी है, जहां कई बार शब्दों से ज्यादा हमारी भावनाएं प्रभाव डालती हैं। इससे व्यक्ति का आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति की क्षमता बढ़ती है। आज के आधुनिक जीवन में, जहां तनाव और भागदौड़ बढ़ती जा रही है, कथक मानसिक शांति का एक प्रभावी माध्यम बन सकता है। कई अध्ययनों में यह पाया गया है कि नृत्य करने से मानसिक तनाव कम होता है और एकाग्रता बढ़ती है। भारत के साथ-साथ विदेशों में भी हजारों विद्यार्थी कथक सीख रहे हैं। कई विश्वविद्यालयों और सांस्कृतिक संस्थानों में इसे एक महत्वपूर्ण विषय के रूप में शामिल किया गया है। यह दर्शाता है कि कथक केवल परंपरा नहीं, बल्कि आधुनिक जीवन का भी एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। कथक का भविष्य उज्ज्वल दिखाई देता है। आज डिजिटल माध्यमों और सामाजिक मंचों के कारण इसकी पहुंच दुनिया भर में बढ़ रही है। युवा कलाकार नए प्रयोग कर रहे हैं, जिससे यह कला और भी आकर्षक बन रही है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कथक की प्रस्तुतियां भारत की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत



कर रही हैं। फिर भी, यह आवश्यक है कि हम इसकी मूल भावना को बनाए रखें। कथक केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि एक साधना है। इसकी शक्ति इसकी परंपरा, अनुशासन और आध्यात्मिकता में निहित है। यदि हम केवल बाहरी आकर्षण पर ध्यान देंगे, तो इसकी गहराई कम हो सकती है। कथक हमें सिखाता है कि जीवन भी एक नृत्य है, जिसमें ताल, लय और संतुलन जरूरी है। जैसे एक नर्तक हर कदम सोच-समझकर रखता है, वैसे ही हमें भी अपने जीवन में संतुलन और सजगता बनाए रखनी चाहिए। यही कथक का सबसे बड़ा संदेश है—बाहरी सुंदरता के साथ भीतर की शुद्धता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।

हमारी गीता

# कृपणता-कार्पण्यदोषोऽपहतस्वभावः



**स्वामिनी निष्कलानंदा**
चिन्मय मिशन कल्याण

जीवन में कई बार ऐसा होता है कि हमारे अपने हमें कभी प्रेम से तो कभी कठोर शब्दों में समझाते हैं। उनका उद्देश्य हमें सही मार्ग दिखाना होता है। लेकिन जब वही लोग उदासीन हो जाते हैं, तो मनुष्य स्वयं को असहाय महसूस करने लगता है। महाभारत की युद्धभूमि में अर्जुन की स्थिति भी कुछ ऐसी ही थी। सामने अपने ही गुरु और संबंधी खड़े थे। उनका मन दया और मोह से भर गया। उन्होंने सोचा कि इन पर शस्त्र उठाना उचित नहीं। परंतु यही उनका भ्रम था। अधर्म का साथ देने वालों के प्रति दया दिखाना धर्म नहीं होता। कर्तव्य से पीछे हटना भी उचित नहीं है। अर्जुन दुखी थे, पर उन्होंने अपने जीवन के ऊंचे लक्ष्य को नहीं छोड़ा। वे बार-बार कहते हैं, "मुझे इसमें कोई श्रेय नहीं दिखता।" और भगवान से कहते हैं, "जो मेरे लिए अच्छा हो, वह स्पष्ट बताइए।" इसका अर्थ है कि वे सही मार्ग जानना चाहते थे। वे अपनी कमजोरी को भी पहचानते हैं। वे कहते हैं कि "कार्पण्य दोष से मेरा स्वभाव दब गया है।" यहां कार्पण्य का अर्थ है मन की कमजोरी और आसक्ति। जब मनुष्य मोह में फंस जाता है, तब वह सही निर्णय नहीं ले पाता। इसे एक उदाहरण से समझें। एक शिकारी डोलती हुई लकड़ी पर फल रखता है। एक तोता उसे खाने बैठता है। लकड़ी हिलती है तो वह डर जाता है और उड़ने की शक्ति होते हुए भी उसी लकड़ी को पकड़ लेता है। अंत में वह पकड़ा जाता है। मनुष्य भी ऐसा ही करता है। किसी व्यक्ति या वस्तु में आसक्ति होने पर वह अपनी शक्ति और स्वभाव भूल जाता है। अर्जुन भी इसी कारण अपने कर्तव्य से भटक गए थे। यह प्रसंग हमें सिखाता है कि भावनाएं जरूरी हैं, पर कर्तव्य उससे ऊपर है। जब भी जीवन में भ्रम हो, तो सत्य और कर्तव्य का साथ देना चाहिए। यही सही मार्ग है।



शख्सियत | उत्पल दत्त

# संघर्ष, साहस और सच्चाई के महान कलाकार



उत्पल दत्त का जीवन संघर्ष, कला और साहस की एक प्रेरक कहानी है। वे केवल एक महान अभिनेता ही नहीं, बल्कि एक सशक्त विचारक, नाटककार और समाज को जागरूक करने वाले कलाकार भी थे।

उत्पल दत्त का जन्म 29 मार्च 1929 को हुआ। बचपन से ही उनकी रुचि पढ़ाई के साथ-साथ अभिनय और साहित्य में थी। उन्होंने कोलकाता में अपनी शिक्षा पूरी की और कॉलेज के दिनों में ही रंगमंच से जुड़ गए। उस समय रंगमंच केवल मनोरंजन का साधन नहीं था, बल्कि समाज को सोचने पर मजबूर करने का माध्यम भी था, और उत्पल दत्त ने इसी दिशा को अपना लक्ष्य बनाया। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत अंग्रेजी नाटकों से की। विलियम शेक्सपियर के नाटकों में अभिनय करते हुए उन्होंने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उनकी आवाज, संवाद बोलने का तरीका और मंच पर उनकी उपस्थिति इतनी प्रभावशाली थी कि लोग उन्हें देखते ही रह जाते थे। लेकिन उन्होंने केवल अभिनय तक खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि नाटक लिखना और उनका निर्देशन भी शुरू किया। उत्पल दत्त का जीवन आसान नहीं था। उन्होंने कई बार आर्थिक कठिनाइयों का सामना किया। रंगमंच से जुड़कर जीवन यापन करना उस समय आसान नहीं था, फिर भी उन्होंने अपने जुनून को नहीं छोड़ा। वे मानते थे कि कला का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज को सच दिखाना भी है। यही कारण था कि उनके कई नाटक सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों पर आधारित होते थे। उनकी साफ सोच और बेबाक लेखन के कारण उन्हें कई बार विरोध का सामना करना पड़ा। उनके कुछ नाटक सरकार को पसंद नहीं आए और उन्हें जेल भी जाना पड़ा। लेकिन उन्होंने कभी अपने विचारों से समझौता नहीं किया। यह उनके साहस और सच्चाई के प्रति निष्ठा को दर्शाता है। उन्होंने यह साबित किया कि एक सच्चा कलाकार वही होता है जो सच के साथ खड़ा रहे, चाहे परिस्थिति कैसी भी हो। फिल्मों की दुनिया में भी उत्पल दत्त ने अपनी अलग पहचान बनाई। उन्होंने हिंदी और बंगाली फिल्मों में कई यादगार भूमिकाएं निभाईं। गोलमाल में उनका अभिनय आज भी लोगों के चेहरे पर मुस्कान ले आता है। इसके अलावा उन्होंने गंभीर और नकारात्मक भूमिकाओं में भी शानदार काम किया। वे हर किरदार को इतनी सच्चाई से निभाते थे कि वह जीवंत लगने लगता था। उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि वे हर भूमिका में पूरी तरह ढल जाते थे। चाहे वह एक सख्त पिता का किरदार हो या हास्य भूमिका, वे हर बार दर्शकों का दिल जीत लेते थे। उन्होंने यह दिखाया कि एक अच्छा अभिनेता वही है जो हर तरह की भूमिका को समान सहजता से निभा सके। उत्पल दत्त का जीवन हमें यह सिखाता है कि सफलता केवल नाम और प्रसिद्धि से नहीं मिलती, बल्कि अपने सिद्धांतों पर अडिग रहने से मिलती है। उन्होंने कभी आसान रास्ता नहीं चुना, बल्कि सच्चाई और मेहनत के रास्ते पर चलते रहे। यही कारण है कि आज भी उन्हें एक महान कलाकार और सच्चे इंसान के रूप में याद किया जाता है। 4 अगस्त 1993 को उनका निधन हो गया, लेकिन उनका योगदान आज भी जीवित है। उनके नाटक, उनकी फिल्में और उनके विचार आज भी लोगों को प्रेरित करते हैं।

जीवन ऊर्जा

जेनिफर कैप्रीआटी : जन्म : 29 मार्च 1876 | जन्म

**जेनिफर कैप्रीआटी का जन्म 29 मार्च 1976 को न्यूयॉर्क, अमेरिका में हुआ। वे विश्व की शीर्ष टेनिस खिलाड़ियों में शामिल रहीं और तीन ग्रैंड स्लैम खिताब जीते। कम उम्र में ही बड़ी सफलता पाने के बाद उन्होंने संघर्षों से उभरकर शानदार वापसी की। उनकी दृढ़ता, मेहनत और आत्मविश्वास उन्हें खेल जगत की प्रेरणादायक हस्ती बनाते हैं।**

# श्रम ही सम्मान का आधार है

सफलता मेहनत से मिलती है और मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता। हार भी सीखने का अवसर होती है, क्योंकि हर असफलता हमें कुछ नया सिखाती है। धैर्य ही असली ताकत है और आत्मविश्वास से ही इंसान आगे बढ़ता है। लक्ष्य पर ध्यान बनाए रखना जरूरी है, तभी रास्ता स्पष्ट दिखता है। संघर्ष से ही इंसान मजबूत बनता है और जीत से ज्यादा सीख अक्सर हार सिखाती है। हर दिन खुद को बेहतर बनाना ही असली प्रगति है। अनुशासन ही सफलता की कुंजी है और सकारात्मक सोच हमें आगे बढ़ाती है। समय का सही उपयोग करना जरूरी है, क्योंकि यही जीवन का सबसे मूल्यवान संसाधन है। अपने सपनों पर विश्वास रखो और असफलता से कभी डरना नहीं चाहिए। लगातार प्रयास ही जीत दिलाता है और मानसिक मजबूती हर चुनौती को आसान बना देती है। खुद पर भरोसा रखना जरूरी है, क्योंकि हर चुनौती अपने साथ एक नया अवसर लेकर आती है। सीखना कभी बंद मत करो, क्योंकि ज्ञान ही आगे बढ़ने का रास्ता दिखाता है। समर्पण से ही पहचान बनती है और सफलता का सफर कभी आसान नहीं होता। निरंतर अभ्यास और ईमानदारी से किया गया प्रयास ही हमें मंजिल तक पहुंचाता है। अनुभव सबसे बड़ा शिक्षक है और अपने प्रयासों पर गर्व करना हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। मेहनत ही असली पहचान बनाती है और हर दिन एक नई शुरुआत का अवसर लेकर आता है। हिम्मत से ही मुश्किलें आसान होती हैं और खेल हमें जीवन जीने की कला सिखाता है। संतुलन बनाए रखना जरूरी है, क्योंकि हार-जीत जीवन का हिस्सा है। आगे बढ़ते रहना ही असली जीत है और यही जीवन का सबसे बड़ा संदेश भी है।



सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्यप्रदेश




# धर्म: वेदों से जीवन तक का सच्चा मार्ग

भारतीय संस्कृति में धर्म का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। वेदों से लेकर आज तक धर्म को जीवन का आधार बताया गया है। धर्म का अर्थ केवल पूजा-पाठ या कर्मकांड नहीं है, बल्कि यह सत्य, कर्तव्य, न्याय और सदाचार का मार्ग है। यह मनुष्य को सही और गलत के बीच अंतर समझाता है और उसे एक संतुलित व श्रेष्ठ जीवन जीने की प्रेरणा देता है। वेदों में धर्म को "ऋत" कहा गया है, जिसका अर्थ है—सृष्टि का नियम और व्यवस्था। इसका मतलब है कि जैसे प्रकृति अपने नियमों पर चलती है, वैसे ही मनुष्य को भी अपने जीवन में नियम और मर्यादा का पालन करना चाहिए। सूर्य का समय पर उगना और अस्त होना, ऋतुओं का बदलना—ये सब धर्म के ही रूप हैं। इसी प्रकार मनुष्य का कर्तव्य है कि वह सत्य बोले, दूसरों के साथ न्याय करे और अपने आचरण को शुद्ध रखे। धर्म का एक महत्वपूर्ण पक्ष है—कर्तव्य। हर व्यक्ति का अपना-अपना धर्म होता है। एक विद्यार्थी का धर्म है पढ़ाई करना, एक शिक्षक का धर्म है सही ज्ञान देना, और एक नागरिक का धर्म है समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाना। जब व्यक्ति अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाता है, तभी वह सच्चे अर्थों में धर्म का पालन करता है। वेदों में सत्य को धर्म का मूल बताया गया है। "सत्यं वद, धर्मं चर" अर्थात सत्य बोलो और धर्म का आचरण करो। यह संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना प्राचीन काल में था। सत्य और ईमानदारी मनुष्य के चरित्र को मजबूत बनाते हैं और उसे समाज में सम्मान दिलाते हैं। धर्म केवल अपने लिए जीने की शिक्षा नहीं देता, बल्कि दूसरों के हित की भी बात करता है। "वसुधैव कुटुंबकम्" का भाव हमें सिखाता है कि पूरा विश्व एक परिवार है। इसलिए हमें दूसरों की सहायता करनी चाहिए, दुख में साथ देना चाहिए और सबके प्रति दया और करुणा का भाव रखना चाहिए। यही सच्चा धर्म है। आज के समय में धर्म को अक्सर गलत समझ लिया जाता है। लोग इसे केवल बाहरी दिखावे तक सीमित कर देते हैं, जबकि असली धर्म हमारे व्यवहार और सोच में होना चाहिए।

यदि कोई व्यक्ति पूजा करता है, लेकिन दूसरों के साथ गलत व्यवहार करता है, तो वह सच्चे धर्म का पालन नहीं कर रहा। धर्म का वास्तविक स्वरूप हमारे कर्मों में झलकता है। जीवन में कई बार ऐसी परिस्थितियां आती हैं, जब हमारे सामने सही और गलत में से चुनने की परीक्षा होती है। यही वह समय होता है, जब धर्म की सच्ची पहचान होती है। जो व्यक्ति कठिन परिस्थितियों में भी सत्य और न्याय का साथ देता है, वही वास्तव में धर्म का पालन करता है। अतः यह स्पष्ट है कि धर्म कोई जटिल विषय नहीं, बल्कि एक सरल जीवन पद्धति है।

यह हमें सिखाता है कि हम अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाएं, सत्य का साथ दें और दूसरों के प्रति प्रेम व सम्मान रखें। वेदों का यही संदेश आज भी हमें एक बेहतर इंसान बनने की राह दिखाता है। अंत में, धर्म का सार यही है कि हम अपने जीवन को ऐसा बनाएं, जिससे न केवल हमारा भला हो, बल्कि समाज और देश का भी कल्याण हो। यही सच्चा धर्म है और यही जीवन की सबसे बड़ी सफलता है।







**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

## अपने विचार

उत्तर प्रदेश अब देश के उन राज्यों में शामिल हो गया है, जहां कई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई शहरों– जैसे आगरा, मथुरा, अलीगढ़ और बुलंदशहर – के लिए बड़े आर्थिक और विकास के अवसर लेकर आएगा।



–नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री ,भारत

पिछले पांच सालों में मैंने बांग्लादेशी मियाओं की हड्डियां, हाथ, पैर तोड़ दिए हैं। अगले पांच सालों में हम उनकी रीढ़ भी तोड़ देंगे, ताकि वह लोग हम स्वदेशी लोगों को किसी भी प्रकार की चुनौती न दे सकें।



–हेमंता बिस्वा शर्मा
असम, मुख्यमंत्री

सरमा की डराने–धमकाने वाली राजनीति अब नहीं चलेगी। वह इस बार का चुनाव हारेंगे और उन्हें असम छोड़ना पड़ेगा। अब मियाओं की ही दबंगई चलेगी।



–बदरुद्दीन अजमल
AIUDF प्रमुख

'संवैधानिक पद पर बैठीं रेखा गुप्ता जी ने यह बयान दिया है कि अदालत से जो अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और अन्य लोगों के पक्ष में जो फैसला आया है, वह अदालत को सेट करके लिया गया है। ये अदालत का घोर अपमान है।



–संजय सिंह
नेता, आम आदमी पार्टी

अपने विचार
**डीबीडी कार्यालय**
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई–400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रियल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिेदार).

## ब्रीफ न्यूज़

### साई गुरमुखदास साहिब जी के 69वां जन्मोत्सव सम्पन्न

**उल्हासनगर।** कैंप–5 स्थित वसणशाह दरबार में 27 मार्च की शाम साई गुरमुखदास साहिब जी का 69वां जन्मोत्सव बड़ी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संत श्री कालीरामजी साहिब जी के मार्गदर्शन में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में हज़ारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत की। उत्सव का मुख्य आकर्षण 'Madhavas Rock Band' और मशहूर गायक नील गोखलनी की प्रस्तुतियां रहीं, जिन्होंने आधुनिक भजनों और सिंधी संगीत से समां बांध दिया। इस विशेष अवसर पर 'G.A. SAI' नाम का 69 किलो का विशाल केक काटा गया और सिंधी फिल्म 'सधाई वडो' का प्रमोशन भी साई जी के हाथों संपन्न हुआ।

### 29 मार्च से घंटाली मंदिर में पांच दिवसीय हनुमान महायज्ञ



ठाणे। ठाणे शहर के प्रसिद्ध प्राचीन घंटाली मंदिर मैदान में रविवार 29मार्च चैत्र शुद्ध एकादशी से 2,अप्रैल चैत्र शुद्ध पूर्णिमा पर हनुमान जयंती तक पांच दिवसीय भव्य हनुमान महायज्ञ कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। सनातन बोर्ड के सदस्य श्रीस्वरूप मनोज जोशी और डॉ सुधीर रानाडे ने यह जानकारी देते हुए कहा कि हनुमान जयंती पर हनुमान चालीसा पाठ का समापन भी होगा। मनोज जोशी ने इस कार्यक्रम के बारे में बताया कि मकर संक्रांति 14 जनवरी से तीन हजार श्रद्धालुओं के द्वारा प्रति दिन ग्यारह वार हनुमान चालीसा पाठ करने का संकल्प लिया गया था उसके ग्यारह लाख पाठ की संपूर्ण जप आहुति महायज्ञ के दौरान दी जाएगी।महायज्ञ के दौरान एक सौ आठ किलो तेल के दीपक का अखंड द्वीप प्रज्वलित किया जाएगा।

# प्रतीक्षानगर में भी अब 'अभ्युदयनगर' जैसा कायाकल्प

### रीडेवलपमेंट के लिए तत्काल प्रस्ताव तैयार करने के सीएम फडणवीस ने दिए निर्देश

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

प्रतीक्षानगर (सायन) के निवासियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने निर्देश दिया है कि अभ्युदयनगर की तर्ज पर प्रतीक्षानगर के पुनर्विकास का विस्तृत प्लान तैयार किया जाए। शनिवार को मुंबई में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने MHADA को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि प्रतीक्षानगर (सायन) के पुनर्विकास के लिए एक ऐसा प्लान बनाया जाए जिससे वहां के नागरिकों को अच्छी क्वालिटी के और बड़े घर मिल सकें। अभ्युदयनगर की तर्ज पर इस प्रोजेक्ट को 'क्लस्टर' या संगठित तरीके से विकसित किया जाएगा, ताकि निवासियों को सभी आधुनिक सुविधाएं एक साथ मिल सकें।



### सहकार भवन का शिलान्यास

मुंबई में सहकारी क्षेत्र को सशक्त बनाने और हाउसिंग सोसाइटियों के कामकाज को डिजिटल व सरल बनाने के उद्देश्य से सायन में एक समर्पित 'सहकार भवन' का शिलान्यास किया गया है। यह भवन राज्य के सहकारी आंदोलन के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभरेगा, जहाँ एक ही छत के नीचे प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और सभी प्रशासनिक सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। इसकी प्रमुख खासियतों में आधुनिक कॉन्फ्रेंस हॉल और ट्रेनिंग रूम शामिल हैं, जिनका उपयोग सहकारी संस्थाओं के पदाधिकारियों को शिक्षित करने के लिए किया जाएगा।

### हाउसिंग सोसाइटियों का 100% डिजिटाइजेशन

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि हाउसिंग सोसाइटियों के कामकाज में पारदर्शिता और तेजी लाने के लिए 100 परसेंट डिजिटाइजेशन लागू किया गया है। ऑफिसों का विकेंद्रीकरण किया गया है ताकि लोगों को छोटे कामों के लिए दूर न जाना पड़े। इससे सोसाइटियों के प्रशासनिक सुधारों को नई गति मिलेगी।

### सेल्फ-रीडेवलपमेंट को नई रफ्तार

मुंबई में इस समय 1600 से ज्यादा सेल्फ–रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट चल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर इन स्कीमों के लिए फाइनेंसिंग (कर्ज की सुविधा) को और आसान बनाने की कोशिश कर रही हैं।

### कन्नमवार नगर में नया सर्विस सेंटर

विक्रोली के कन्नमवार नगर में 'मुंबई हाउसिंग फेडरेशन लिमिटेड' के सर्विस, गाइडेंस और ट्रेनिंग सेंटर का उद्घाटन भी टेलीकॉन्फ्रेंस के जरिए किया गया। यह केंद्र स्थानीय हाउसिंग सोसाइटियों को पुनर्विकास और कानूनी नियमों के बारे में सटीक जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान करेगा।

# पश्चिम रेलवे चलाएगी पाँच स्पेशल ट्रेनें

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा उनकी यात्रा मांग को ध्यान में रखते हुए विभिन्न गंतव्यों के बीच विशेष किराये पर पाँच स्पेशल स्पेशल ट्रेनें चलाएगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने इसकी जानकारी दी।

### बांद्रा टर्मिनस–वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी सुपरफास्ट स्पेशल

ट्रेन संख्या 02200 बांद्रा टर्मिनस – वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्पेशल प्रत्येक शनिवार 05:10 बजे बांद्रा टर्मिनस से प्रस्थान कर अगले दिन 05:00 बजे वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी पहुँचेगी। यह ट्रेन 04 अप्रैल, 2026 से 11 जुलाई, 2026 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 02199 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी – बांद्रा टर्मिनस स्पेशल प्रत्येक गुरुवार 16:50 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 16:10 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुँचेगी। यह ट्रेन 02 अप्रैल, 2026 से 09 जुलाई, 2026 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, सूरत, भरूच, वडोदरा, गोधरा, दाहोद, रतलाम, नागदा, उज्जैन, मक्सी, बियावरा राजगढ़, चाचौड़ा बीनागंज, रुठियाई, गुना, शिवपुरी, ग्वालियर, डबरा एवं दतिया स्टेशनों पर ठहरेगी।

### बांद्रा टर्मिनस – सूबेदारगंज सुपरफास्ट स्पेशल

ट्रेन संख्या 04126 बांद्रा टर्मिनस – सूबेदारगंज स्पेशल प्रत्येक मंगलवार 11:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 17:00 बजे सूबेदारगंज पहुँचेगी। यह ट्रेन 07 अप्रैल, 2026 से 14 जुलाई, 2026 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 04125 सूबेदारगंज – बांद्रा टर्मिनस स्पेशल प्रत्येक सोमवार 05:20 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 09:30 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुँचेगी। यह ट्रेन 06 अप्रैल, 2026 से 13 जुलाई, 2026 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना, रूपबास, फतेहपुर सीकरी, आगरा इडगाह, टुंडला, इटावा, गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशनों पर ठहरेगी।

### बांद्रा टर्मिनस – आजमगढ़ सुपरफास्ट स्पेशल

ट्रेन संख्या 05184 बांद्रा टर्मिनस – आजमगढ़ स्पेशल प्रत्येक सोमवार 10:45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 20:10 बजे आजमगढ़ पहुँचेगी। यह ट्रेन 06 अप्रैल, 2026 से 13 जुलाई, 2026 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 05183 आजमगढ़ – बांद्रा टर्मिनस स्पेशल प्रत्येक शनिवार 23:15 बजे प्रस्थान कर सोमवार को 08:10 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुँचेगी। यह ट्रेन 04 अप्रैल, 2026 से 11 जुलाई, 2026 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, सूरत, वडोदरा, रतलाम, नागदा, कोटा, गंगापुर सिटी, बयाना, आगरा इडगाह, टुंडला, गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज रामबाग, ज्ञानपुर रोड, बनारस, औंरीहर, मऊ एवं मोहम्मदाबाद स्टेशनों पर ठहरेगी।

### बांद्रा टर्मिनस – गोमती नगर स्पेशल

ट्रेन संख्या 05034 बांद्रा टर्मिनस – गोमती नगर स्पेशल प्रत्येक मंगलवार 23:00 बजे प्रस्थान कर गुरुवार को 07:45 बजे गोमती नगर पहुँचेगी। यह ट्रेन 07 अप्रैल, 2026 से 14 जुलाई, 2026 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 05033 गोमती नगर – बांद्रा टर्मिनस स्पेशल प्रत्येक सोमवार 14:00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 20:00 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुँचेगी। यह ट्रेन 06 अप्रैल, 2026 से 13 जुलाई, 2026 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, वलसाड, सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा, बयाना, आगरा इडगाह, टुंडला, इटावा, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग एवं बादशाहनगर स्टेशनों पर ठहरेगी।

### वलसाड – मऊ स्पेशल

ट्रेन संख्या 05018 वलसाड – मऊ स्पेशल प्रत्येक रविवार 15:10 बजे वलसाड से प्रस्थान कर मंगलवार को 00:45 बजे मऊ पहुँचेगी। यह ट्रेन 05 अप्रैल, 2026 से 12 जुलाई, 2026 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 05017 मऊ – वलसाड स्पेशल प्रत्येक शनिवार 03:45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 12:35 बजे वलसाड पहुँचेगी। यह ट्रेन 04 अप्रैल, 2026 से 11 जुलाई, 2026 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में सूरत, वडोदरा, रतलाम, नागदा, भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा, गंगापुर सिटी, बयाना, आगरा इडगाह, टुंडला, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, भटनी, सलेमपुर एवं बेल्थरा रोड स्टेशनों पर ठहरेगी।

# इंडिया पोस्ट महाराष्ट्र सर्कल का ग्राहक सम्मेलन

### नई प्रीमियम डिलीवरी सेवाओं का प्रदर्शन

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई में डाक विभाग, महाराष्ट्र सर्कल द्वारा एक विशेष ग्राहक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें हाल ही में शुरू की गई प्रीमियम समय-सीमा वाली डिलीवरी सेवाओं को प्रस्तुत किया गया। यह कार्यक्रम 27 मार्च 2026 को आयोजित हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व मुख्य पोस्टमास्टर जनरल अमिताभ सिंह ने किया। उन्होंने नई सेवाओं की उपयोगिता और उनके पीछे की सोच को विस्तार से साझा किया।



### नई प्रीमियम सेवाओं पर विशेष जोर

सम्मेलन में "24 स्पीड पोस्ट", "24 स्पीड पोस्ट पार्सल" और "48 स्पीड पोस्ट" सेवाओं को प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया, जिन्हें 17 मार्च 2026 को लॉन्च किया गया था। इन नई सेवाओं के तहत चुनिंदा क्षेत्रों में 24 घंटे के भीतर दस्तावेज़ और पार्सल की गारंटीशुदा डिलीवरी दी जाएगी, जबकि व्यापक नेटवर्क में 48 घंटे के भीतर डिलीवरी सुनिश्चित की जाएगी। इनका उद्देश्य तेज़, सुरक्षित और भरोसेमंद लॉजिस्टिक्स प्रदान करना है। अमिताभ सिंह ने बताया कि ये सेवाएं विशेष रूप से व्यापार, ई–कॉमर्स और सरकारी उपयोगकर्ताओं की बढ़ती मांग को ध्यान में रखकर तैयार की गई हैं।


### गणमान्य अतिथियों की रही मौजूदगी

कार्यक्रम में महाराष्ट्र सरकार के मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न कंपनियों के MD और CEO तथा कई देशों के महावाणिज्य दूत उपस्थित रहे।सम्मेलन के दौरान 24 स्पीड पोस्ट की लाइव डिलीवरी का प्रदर्शन किया गया। साथ ही सांस्कृतिक और वाद्य संगीत कार्यक्रमों के अलावा स्टैंड–अप कॉमेडी का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम का संचालन आरजे वैशाली ने किया।

# बिजली सस्ती, 100 यूनिट तक 26% की कटौती

### विश्वास पाठक ने मुख्यमंत्री फडणवीस का जताया आभार

**मुंबई।** महाराष्ट्र में बिजली उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत की खबर सामने आई है। महावितरण द्वारा राज्य में बिजली आपूर्ति के संदर्भ में महाराष्ट्र विद्युत नियामक आयोग (MERC) ने बहुवर्षीय बिजली दर आदेश जारी किया है, जिसमें बिजली दरों में कटौती के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और महावितरण के स्वतंत्र निदेशक विश्वास पाठक ने इस निर्णय पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में राज्य के घरेलू, औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को वर्ष 2030 तक लगातार पांच वर्षों में चरणबद्ध तरीके से बिजली दरों में कमी का लाभ मिलेगा। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि पिछले एक वर्ष से इस विषय पर आयोग, उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय स्तर पर विभिन्न सुनवाई चल रही थीं। अब सभी वैधानिक प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद आयोग का आदेश आने से स्थिति स्पष्ट और सुनिश्चित हो गई है।



### घरेलू उपभोक्ताओं को बड़ी राहत

उन्होंने जानकारी दी कि प्रति माह 100 यूनिट तक बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं के लिए पांच वर्षों में लगभग 26 प्रतिशत तक दरों में कटौती होगी। राज्य के कुल घरेलू उपभोक्ताओं में ऐसे उपभोक्ताओं की हिस्सेदारी करीब 70 प्रतिशत है। वहीं, 100 से 300 यूनिट तक बिजली उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं के लिए भी पांच वर्षों में लगभग 5 प्रतिशत की कमी की जाएगी।

### नए वित्त वर्ष से बढ़ेगा लाभ

विश्वास पाठक ने बताया कि आयोग का यह आदेश वित्त वर्ष 2026 से 2030 तक के लिए लागू है। चूंकि राज्य अब वित्त वर्ष 2026–27 में प्रवेश कर रहा है, इसलिए उपभोक्ताओं को दूसरे वर्ष के अनुसार दरों का लाभ मिलेगा, जिससे उन्हें अधिक छूट मिलेगी। सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे (सोलर आवर्स) के दौरान बिजली उपयोग पर मिलने वाली छूट अब प्रति यूनिट 8 पैसे से बढ़ाकर 85 पैसे कर दी गई है। 100 यूनिट तक उपभोग करने वालों के लिए औसत दर: 7.10 प्रति यूनिट,100 से 300 यूनिट तक के लिए औसत दर: 12.94 प्रति यूनिट। औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए भी दरों में और कमी की जाएगी!

### इलेक्ट्रिक वाहनों को मिलेगा बढ़ावा

आयोग ने अपने आदेश में इलेक्ट्रिक वाहन (EV) चार्जिंग स्टेशनों के लिए विशेष दर निर्धारित की है, जो महावितरण के औसत आपूर्ति दर (कृषि को छोड़कर) से कम रखी गई है। उच्चदाब और निम्नदाब दोनों प्रकार के चार्जिंग स्टेशनों के लिए अब 9.50 प्रति यूनिट की दर तय की गई है।

# ई-गवर्नेंस में उल्हासनगर मनपा का परचम

### राज्य में तीसरा स्थान, मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर महानगर पालिका ने राज्य सरकार के '150 दिवसीय सेवाकर्मी कार्यक्रम ई-गवर्नेंस सुधार अभियान' में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे महाराष्ट्र में तीसरा स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि के लिए मनपा आयुक्त मनीषा अव्हाले को मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को त्वरित, पारदर्शी और आसान सेवाएं उपलब्ध कराना था। उल्हासनगर मनपा ने ऑनलाइन सेवा वितरण, संपत्ति कर और जल बिल के डिजिटल भुगतान तथा आधुनिक शिकायत निवारण प्रणाली को लागू कर प्रशासनिक कार्यों में बड़ा सुधार किया है।



### तकनीक के इस्तेमाल से बढ़ी कार्यकुशलता

मनपा के विभिन्न विभागों में तकनीक के प्रभावी उपयोग से कार्यकुशलता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यही कारण है कि राज्य स्तर पर इस मॉडल को सराहना मिली और मनपा को शीर्ष स्थानों में जगह मिली। गौरतलब है कि वर्ष 2025 में भी उल्हासनगर मनपा ने मुख्यमंत्री के '100 दिन कार्यालय सुधार कार्यक्रम' में राज्य में पहला स्थान प्राप्त किया था।

### टीमवर्क को दिया सफलता का श्रेय

आयुक्त मनीषा अव्हाले ने इस उपलब्धि का श्रेय मनपा के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को दिया। उन्होंने कहा कि यह सामूहिक प्रयास का परिणाम है और टीम ने लगातार सुधार की दिशा में काम किया है।




## 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** व्यवसाय ठीक चलेगा। पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। व्यय होगा। प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी रहेंगे। परिश्रम का अनुकूल फल मिलेगा। परिजनों के स्वास्थ्य और सुविधाओं की ओर ध्यान दें।

**वृष** विवाद से क्लेश होगा। फालतू खर्च होगा। पुराना रोग परेशान कर सकता है। जोखिम न लें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता प्राप्ति के योग हैं। सावधानी व सतर्कता से व्यापारिक अनुबंध करें। दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा।

**मिथुन** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। जोखिम न उठाएं। आज का दिन आपके लिए शुभ रहने की संभावना है। स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी। रोजगार के अवसर मिलेंगे। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

**कर्क** मेहनत का फल मिलेगा। योजना फलीभूत होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कर्ज से दूर रहना चाहिए। खर्च में कमी होगी। कानूनी विवादों का निपटारा आपके पक्ष में होने की संभावना है। प्रतिष्ठितजनों से मेल–जोल बढ़ेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। रोजगार मिलेगा। अप्रत्याशित लाभ संभव है। जोखिम न लें। धर्म के कार्यों में रुचि आपके मनोबल को ऊंचा करेगी। मिलनसारिता व धैर्यवान प्रवृत्ति जीवन में आनंद का संचार करेगी। कई दिनों से रुका पैसा मिल सकेगा।

**कन्या** चोट व रोग से बचें। कानूनी अड़चन दूर होगी। धर्म–कर्म में रुचि रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। क्रय–विक्रय के कार्यों में लाभ होगा। योजनाएं बनेंगी। उच्च और बौद्धिक वर्ग में विशेष सम्मान प्राप्त होगा। भाइयों से अनबन हो सकती है।

**तुला** कुसंगति से हानि होगी। वाहन मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। वाणी परो नियंत्रण रखें, जोखिम न लें। परेशानियों का मुकाबला करके भी लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे। व्यापारिक लाभ होगा। संतान के प्रति झुकाव बढ़ेगा। शिक्षा व ज्ञान में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। प्रेम–प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। जायदाद संबंधी समस्या सुलझने के आसार बनेंगे। अनुकूल समाचार मिलेंगे तथा दिन आनंदपूर्वक व्यतीत होगा। नए संबंध लाभदायी सिद्ध होंगे।

**धनु** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। लाभ होगा। धन संचय की बात बनेगी। परिवार के कार्यों पर ध्यान देना जरूरी है। रुका कार्य होने से प्रसन्नाता होगी। आर्थिक सलाह उपयोगी रहेगी। कर्ज की चिंता कम होगी।

**मकर** अति व्यस्तता रहेगी। बुरी खबर मिल सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। थकान रहेगी। व्यापार–व्यवसाय संतोषप्रद रहेगा। आपसी संबंधों को महत्व दें। अल्प परिश्रम से ही लाभ होने की संभावना है। खर्चों में कमी करने का प्रयास करें।

**कुंभ** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। धैर्य एवं शांति से वाद–विवादों से निपट सकेंगे। दुस्साहस न करें। नए विचार, योजना पर चर्चा होगी। स्वयं की प्रतिष्ठा व सम्मान के अनुरूप कार्य हो सकेंगे।

**मीन** प्रसन्नता रहेगी। संतान की शिक्षा की चिंता समाप्त होगी। व्यापार–व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। महत्व के कार्य को समय पर करें। व्यावसायिक श्रेष्ठता का लाभ मिलेगा। मेहनत का फल कम मिलेगा। कार्य की प्रशंसा होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

# शनि-बृहस्पति युति का वैदिक ज्योतिषीय विश्लेषण

**1. वैदिक ज्योतिष और सूर्य सिद्धांत का आधार :** वैदिक ज्योतिष में, मिथुन लग्न (ज्योतिषीय राशिः मिथुन, तत्त्वः वायु, स्वामीः बुध) की कुण्डली में दशम भाव कर्म, व्यवसाय, सामाजिक प्रतिष्ठा, और जीवन में यश का प्रतीक है। दशम भाव का स्वामी मीन राशि का बृहस्पति होता है, जो ज्ञान, धर्म, और समृद्धि का कारक है। शनि और बृहस्पति की युति दशम भाव में होने पर यह एक जटिल और गहन संयोजन बनता है, क्योंकि शनि (कर्म, अनुशासन, विलंब) और बृहस्पति (ज्ञान, विस्तार, शुभता) परस्पर विरोधी प्रकृति के ग्रह हैं।

सूर्य सिद्धांत के अनुसार, ग्रहों की स्थिति और गति (खगोलीय गणित) का प्रभाव मानव जीवन पर पड़ता है। सूर्य सिद्धांत में ग्रहों की गति को सौर मंडल के केंद्र में सूर्य के सापेक्ष मापा जाता है, और शनि-बृहस्पति की युति का प्रभाव खगोलीय दृष्टिकोण से उनके राशिगत और नक्षत्रीय स्थिति पर निर्भर करता है। उदाहरण के लिए, यदि यह युति मीन राशि (दशम भाव) में हो, तो यह बृहस्पति की स्वराशि में होगी, जिससे बृहस्पति की शक्ति बढ़ेगी, परंतु शनि की मंद गति और संकुचनकारी प्रवृत्ति बृहस्पति के विस्तार को सीमित कर सकती है।

**खगोलीय गणितीय दृष्टिकोणः** सूर्य सिद्धांत के आधार पर, शनि और बृहस्पति की युति का प्रभाव उनके अंशीय अंतर (degrees of conjunction) पर निर्भर करता है। यदि दोनों ग्रह 0-2 के अंतर पर हों, तो युति अत्यंत प्रबल होगी, जिसे ₹युति दोष₹ भी कहा जाता है। यदि अंतर 5-10 हो, तो प्रभाव मिश्रित होगा। सूर्य सिद्धांत में ग्रहों की गति और नक्षत्रीय स्थिति (जैसे, पूर्वभाद्रपद, उत्तरभाद्रपद, या रेवती नक्षत्र में युति) का विश्लेषण आवश्यक है।






प्रियंका जैन
9769994439

**2. ज्योतिषीय प्रभावः** मिथुन लग्न में दशम भाव में शनि-बृहस्पति युति के प्रभाव निम्नलिखित हैं:

कर्म और व्यवसायः शनि का प्रभाव कठिन परिश्रम, दीर्घकालिक लक्ष्य, और अनुशासित कार्यशैली को दर्शाता है। बृहस्पति ज्ञान, नीति, और नेतृत्व प्रदान करता है। इस युति से व्यक्ति शिक्षक, सलाहकार, वकील, प्रशासक, या आध्यात्मिक गुरु जैसे क्षेत्रों में सफलता पा सकता है। उदाहरणः यदि युति रेवती नक्षत्र में हो, जो बुध का नक्षत्र है, तो व्यक्ति व्यापार, लेखन, या संचार क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकता है।

**लाभः** बृहस्पति की शुभता के कारण दीर्घकालिक लाभ संभव है, विशेषकर शिक्षा, धर्म, या सामाजिक कार्यों से। शनि की उपस्थिति से यह लाभ धीरे-धीरे और स्थायी रूप से प्राप्त होता है। यदि युति मीन राशि में हो, तो व्यक्ति को विदेशी स्रोतों से लाभ या सामाजिक यश मिल सकता है।

**हानिः** शनि का प्रभाव कार्य में विलंब, बाधाएँ, और सामाजिक आलोचना ला सकता है। बृहस्पति की अति-आशावादी प्रकृति और शनि की संकुचनकारी प्रवृत्ति के मिश्रण से व्यक्ति निर्णय लेने में भ्रमित हो सकता है। यदि युति अशुभ दृष्टि (जैसे, मंगल या राहु) से प्रभावित हो, तो व्यवसाय में हानि या प्रतिष्ठा को क्षति हो सकती है।

सामाजिक व्यवहारः यह युति व्यक्ति को गंभीर, दार्शनिक, और समाज के प्रति उत्तरदायी बनाती है। व्यक्ति समाज में सुधारवादी या परंपरागत दोनों भूमिकाएँ निभा सकता है। उदाहरणः महात्मा गांधी की कुण्डली में शनि-बृहस्पति का प्रभाव उनके सामाजिक सुधार और अनुशासित जीवन में देखा जा सकता है।

# UP सर्वाधिक एयरपोर्ट वाला सूबा

▶▶ ईरान युद्ध की वजह से कई देशों में खाने-पीने का संकट

▶▶ पूरी क्षमता से युद्ध के दुष्प्रभावों का सामना कर रहा भारत

एजेंसी । नोएडा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिमी एशिया संकट पर कहा कि आज पूरा विश्व चिंतित है। पश्चिम एशिया में एक महीने से युद्ध चल रहा है। युद्ध की वजह से कई देशों में का सामान, पेट्रोल, डीजल, गैस, खाद जैसी कई जरूरी चीजों का संकट पैदा हो गया है। हर देश इस संकट का सामना करने की कोशिश कर रहा है। हमारा भारत भी पूरी शक्ति से इसका मुकाबला कर रहा है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों और राजनीतिक दलों से मिलकर इस संकट का सामना करने की अपील की।




## शिलान्यास के बाद उद्घाटन भी किया

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि आज जहां तक नजर पड़ रही है, वहां तक युवाओं का जोश दिखाई दे रहा है। आज जो काम हो रहा है, वह नई उड़ान भर रहा है। आज से उत्तर प्रदेश सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा वाला राज्य बन गया है। मेरे लिए खुशी के दो कारण हैं। पहला, इस एयरपोर्ट का शिलान्यास करने का सौभाग्य भी मुझे मिला था और इसका उद्घाटन करने का सौभाग्य भी मुझे मिला है। प्रधानमंत्री ने शनिवार को नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रथम चरण का उद्घाटन करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते किया।

## पूरी दुनिया से जुड़ा पश्चिम यूपी

दूसरा, जिस उत्तर प्रदेश ने मुझे प्रतिनिधि बनाया, सांसद बनाया, उस उत्तर प्रदेश की पहचान के साथ इस भव्य एयरपोर्ट का नाम भी जुड़ गया है। यहां से दुनिया के लिए हवाई जहाज तो उड़ेंगे ही साथ ही उप्र भी नई उड़ान भरेगा। खास कर पश्चिम उप्र की जनता को बधाई। ये सारे प्रोजेक्ट उप्र के विकास के लिए डबल इंजन सरकार का शानदार उदाहरण हैं। सेमी कंडक्टर फैक्टरी, नमो भारत ट्रेन और अब यह जेवर एयरपोर्ट पूरी दुनिया को जोड़ रहा है।

## लूट का एटीएम बन गया था नोएडा

समाजवादी पार्टी (सपा) पर हमला बोलते हुए मोदी ने कहा कि पहले सपा वालों ने नोएडा को लूट का एटीएम बना लिया था। आज वही नोएडा विकास का प्रतिरूप बन रहा है। इस एयरपोर्ट को अटल सरकार ने 2003 में मंजूरी दे दी थी। यहां मौजूद बहुत से लोगों का जन्म भी नहीं हुआ होगा, लेकिन एयरपोर्ट नहीं बना। कांग्रेस और सपा सरकारों ने इसकी नीव तक नहीं रखी। एयरपोर्ट फाइलों में ही दबा रहा।

### एक नजर में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा

- कुल क्षेत्रफल : लगभग 5,000 हेक्टेयर
- कुल अनुमानित लागत : 30,000 करोड़ से अधिक
- पहला चरण लागत : करीब 10,000–12,000 करोड़
- विकास के चरण : कुल 4 चरणों में निर्माण
- पहला चरण : पूरा/संचालन के लिए तैयार
- शेष कार्य : अगले चरणों में विस्तार जारी रहेगा
- रनवे (पहला चरण) : 1 रनवे तैयार
- कुल प्रस्तावित रनवे : 6 रनवे (पूर्ण परियोजना के बाद)
- यात्री क्षमता (पहला चरण) : लगभग 1.2 करोड़ प्रति वर्ष
- भविष्य क्षमता : 7–8 करोड़ यात्री प्रतिवर्ष तक विस्तार संभव
- विशेषता : देश का प्रमुख ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट, अत्याधुनिक व मल्टी–फेज विकास योजना
- महत्व : दिल्ली–एनसीआर का दबाव कम करेगा, क्षेत्रीय विकास और रोजगार को बढ़ावा

# 96 दिन से अनूपपुर में भटक रहा तीन हाथियों का दल

▶▶ फसल, मकान-झोपड़ी में किया भारी नुकसान

एजेंसी । अनूपपुर

मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में जंगली हाथियों की मौजूदगी लगातार चिंता का विषय बनी हुई है। तीन हाथियों का एक समूह पिछले 96 दिनों से जिले के विभिन्न वन क्षेत्रों और ग्रामीण इलाकों में घूम रहा है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। शनिवार को यह दल अहिरगवां वन परिक्षेत्र के टिटही-जैतहरी बीट के जंगल में देखा गया। वन विभाग के अनुसार, यह हाथी छत्तीसगढ़ सीमा से होते हुए जिले में प्रवेश किए थे और तब से लगातार स्थान बदलते हुए जैतहरी, अनूपपुर और आसपास के इलाकों में विचरण कर रहे हैं। हाल के चार दिनों से यह समूह पुष्पराजगढ़ जनपद के अहिरगवां क्षेत्र में डेरा डाले हुए है।



## दिन में जंगल और रात में गांवों की ओर रुख

दिन में जंगलों में विश्राम करने के बाद हाथी रात के समय गांवों की ओर रुख कर रहे हैं। मकानों में रखा अनाज भी नहीं बच रहा बीते तीन दिनों में हाथियों ने कई गांवों में नुकसान पहुंचाया है। कम से कम तीन पक्के मकानों और एक झोपड़ी को क्षतिग्रस्त करने के साथ ही घरों में रखा अनाज खा लिया। इसके अलावा कई किसानों की गेहूं, चना और मसूर जैसी फसलें भी नष्ट हुई हैं। प्रभावित गांवों में कठौतिया, सामतपुर, घाटा बैरागी, रामटोला, पयारी और तरेरा शामिल हैं।

## खदेड़ने पर हमलावर हो रहा हाथियों का दल

ग्रामीणों ने हाथियों को खदेड़ने की कोशिश की, लेकिन कई बार हाथियों ने आक्रामक व्यवहार दिखाते हुए लोगों को दौड़ा दिया, जिससे भय का माहौल बना हुआ है। स्थिति को देखते हुए वन विभाग की गश्ती टीमें लगातार क्षेत्र में निगरानी कर रही हैं और ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है। उधर, राजस्व विभाग ने भी नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है। पटवारियों द्वारा प्रभावित स्थलों का निरीक्षण कर मुआवजे के लिए प्रकरण तैयार किए जा रहे हैं। प्रशासन का कहना है कि प्रभावित परिवारों को नियमानुसार राहत उपलब्ध कराई जाएगी। ग्रामीणों ने हाथियों को खदेड़ने की कोशिश की, लेकिन कई बार हाथियों ने आक्रामक व्यवहार दिखाते हुए लोगों को दौड़ा दिया, जिससे भय का माहौल बना हुआ है।

# मुठभेड़ में मारा गया मासूम का हत्यारा, दरोगा को लगी गोली

▶▶ आगरा में तड़के हुआ एनकाउंटर,जूता कारोबारी की बेटी की हुई थी हत्या

एजेंसी । आगरा

उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में आठ वर्षीय बच्ची की हत्या के मामले में फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी आरोपित को पुलिस ने शनिवार तड़के मुठभेड़ में मार गिराया। इस दौरान एक उपनिरीक्षक भी गोली लगने से घायल हो गए।



## बिना नंबर की मोटरसाइकिल बरामद

डीसीपी सिटी सैयद अली अब्बास ने बताया कि शनिवार सुबह सूचना मिली कि आरोपित बमरौली कटरा क्षेत्र से भागने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने इलाके में घेराबंदी की। खुद को घिरा देख आरोपित ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी।

# UPP: जौनपुर को शीघ्र मिलेंगे 1500 नए आरक्षी

▶▶ एडीजी पीयूष मोर्डिया ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण

एजेंसी । जौनपुर

जिले की कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में पुलिस विभाग को जल्द ही बड़ा बल मिलने जा रहा है। अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) पीयूष मोर्डिया ने शनिवार को पुलिस कार्यालय और पुलिस लाइन के वार्षिक निरीक्षण के दौरान यह जानकारी दी कि आगामी समय में करीब 1500 नए आरक्षियों की तैनाती प्रस्तावित है।



## सीयूजी नंबर पर तत्काल दें प्रतिक्रिया

जनसुनवाई व्यवस्था को लेकर उन्होंने सीयूजी नंबर पर कॉल रिस्पॉन्स में लापरवाही पर चिंता जताई और अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन की शिकायतों पर तत्काल उन्होंने कहा कि व्यस्तता के बावजूद जनता से संवाद बनाए रखना पुलिस की जिम्मेदारी है।

## अप्रैल में होगी पासिंग आउट परेड

उन्होंने बताया कि अप्रैल के तीसरे सप्ताह के आसपास प्रशिक्षु आरक्षियों की पासिंग आउट परेड प्रस्तावित है, जिसके बाद जौनपुर को बड़ी संख्या में नए जवान मिलेंगे। इससे न केवल पुलिस बल की संख्या बढ़ेगी, बल्कि गश्त, निगरानी और आपात प्रतिक्रिया क्षमता भी मजबूत होगी। अपराध नियंत्रण पर बात करते हुए एडीजी ने कहा कि हाल के अधिकांश मामलों का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा किया है, जबकि शेष मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

## सभी शाखाओं की कार्यप्रणाली देखी

निरीक्षण के दौरान एडीजी ने विभिन्न शाखाओं की कार्यप्रणाली, उपलब्ध संसाधनों और उनके रखरखाव का बारीकी से मूल्यांकन किया। उन्होंने व्यवस्थाओं पर संतोष जताते हुए कहा कि विभाग लगातार आधुनिक तकनीक और उपकरणों को अपनाकर अपनी कार्यक्षमता में सुधार कर रहा है।

# रेलिंग तोड़ नदी में गिरी कार, चार की मौत

▶▶ मधेपुरा का मेला देखने कार से गए थे चारों दोस्त

एजेंसी । मधेपुरा

बिहार के मधेपुरा जिले में शुक्रवार देर रात एक भीषण सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य की तलाश के बाद उसकी भी मृत्यु की पुष्टि की गई। हादसा उस समय हुआ जब चार दोस्त दीनाभद्री मेला देखकर कार से लौट रहे थे। कड़ी मशक्कत के बाद नदी से तीन युवकों के शव निकाले गए।



## तेज रफ्तार के कारण बिगड़ा संतुलन

प्रारंभिक जांच में दुर्घटना का कारण तेज रफ्तार और पुल पर वाहन का संतुलन बिगड़ना माना जा रहा है। टक्कर की तीव्रता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि कार के एयरबैग खुल गए और शीशे चकनाचूर हो गए।

# हिमाचल को मिली 11,735 करोड़ की सहायता

▶▶ सदन में सरकार और विपक्ष आमने-सामने, सीएम ने दी विस्तृत दी जानकारी

एजेंसी । शिमला

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के प्रश्नकाल में शनिवार को केंद्र से मिली वित्तीय सहायता को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में राज्य को केंद्र सरकार से विभिन्न मदों के तहत कुल 11,735 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं।



## प्राथमिकता के आधार पर संसाधनों का वितरण

यह जानकारी मुख्यमंत्री ने भाजपा विधायकों विनोद कुमार, रणधीर शर्मा और सुधीर शर्मा के संयुक्त प्रश्न के उत्तर में दी।

## नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप

भाजपा विधायक सुखराम चौधरी ने अपने क्षेत्र की लंबित योजनाओं का मुद्दा उठाते हुए नाबार्ड के तहत स्वीकृतियों में देरी पर सवाल किया। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उपलब्ध सीमा के भीतर प्राथमिकता के आधार पर प्रस्ताव दिए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि नाबार्ड की सीमा 200 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 225 करोड़ रुपये कर दी गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सभी विधानसभा क्षेत्रों में संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है और संसाधनों का वितरण प्राथमिकताओं के आधार पर किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि इस राशि में राजस्व घाटा अनुदान के रूप में 2,714 करोड़ रुपये की जाएगी।

## बजट पर आरोप-प्रत्यारोप

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि केंद्र से मिली राशि का अधिक हिस्सा सत्तारूढ़ दल के विधायकों के क्षेत्रों में खर्च किया जा रहा है। उन्होंने बजट वितरण में पारदर्शिता और संतुलन की मांग उठाई। इसके जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र से मिलने वाली राशि योजनागत प्रावधानों और कर हिस्सेदारी के तहत आती है और उसका उपयोग पूरे प्रदेश में संतुलित विकास के लिए किया जा रहा है।

# 800 बीघा भूमि के लिए यूपी-हरियाणा में तकरार

▶▶ बागपत के पाली गांव में स्थित है 800 बीघा भूमि

एजेंसी । बागपत

जनपद के पाली गांव में करीब 800 बीघा कृषि भूमि को लेकर उत्तर प्रदेश और हरियाणा के किसानों के बीच विवाद गहराता जा रहा है। शनिवार को बड़ी संख्या में किसानों ने कलक्ट्रेट पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। प्रदर्शनकारी किसानों ने आरोप लगाया कि संबंधित भूमि उनकी पुश्तैनी खेती की जमीन है, जिस पर वे वर्षों से खेती करते आ रहे हैं।

## राजस्व विभाग से करवाई जाएगी जांच

उनका कहना है कि हरियाणा के राजस्व विभाग के कुछ अधिकारी और स्थानीय किसान इस जमीन को पंचायती भूमि बताते हुए कब्जे का प्रयास कर रहे हैं।किसान प्रतिनिधियों—राकेश आर्य, गजेंद्र, राम भजन, प्रताप, महेश पाल और प्रेमपाल सिंह—ने प्रशासन को सौंपे ज्ञापन में निष्पक्ष जांच और जमीन की पुन: पैमाइश कराने की मांग की है। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जबरन कब्जे की कोशिश की गई तो वे आंदोलन तेज करेंगे।



मामले पर जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कहा कि विवाद के समाधान के लिए उत्तर प्रदेश और हरियाणा के राजस्व विभागों के बीच समन्वय स्थापित किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि तथ्यों के आधार पर निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, इस विवाद को लेकर क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है और प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।




# अंतत: गिरावट के साथ बंद हुआ बाजार

▶▶ पांचवें सप्ताह भी गिरावट जारी, उतार-चढ़ाव के बीच निवेशक सतर्क

▶▶ बीएसई 1.27 प्रतिशत और एनएसई 294.90 अंक टूटकर हुआ बंद

एजेंसी । नई दिल्ली

वैश्विक अनिश्चितताओं, खासकर पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच घरेलू शेयर बाजार लगातार पांचवें सप्ताह गिरावट के साथ बंद हुआ। सीमित कारोबारी सप्ताह (चार दिन) के दौरान बाजार में तेज उतार-चढ़ाव देखने को मिला।



## अधिक दबाव में लार्जकैप शेयर्स

बाजार पूंजीकरण के आधार पर लार्जकैप शेयरों में अपेक्षाकृत अधिक दबाव रहा और संबंधित इंडेक्स में करीब 2.79 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। वहीं मिडकैप इंडेक्स में 1.3 प्रतिशत और स्मॉलकैप इंडेक्स में 1.01 प्रतिशत की कमजोरी देखी गई, जो व्यापक बाजार में सतर्क रुख को दर्शाता है। सेक्टोरल प्रदर्शन की बात करें तो आईटी सेक्टर को छोड़कर अधिकांश सेक्टर दबाव में रहे। डिफेंस और पीएसयू बैंक इंडेक्स में करीब 4 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई।

## एफआईआई का भी दबाव जारी

निवेशकों की गतिविधियों में विदेशी संस्थागत निवेशकों (FII) का दबाव जारी रहा। वे लगातार छठे सप्ताह शुद्ध बिकवाल बने रहे और इस सप्ताह करीब 24,596 करोड़ रुपये के शेयरों की बिक्री की। इसके विपरीत, घरेलू संस्थागत निवेशकों (DII) ने बाजार को सहारा देते हुए लगभग 26,897 करोड़ रुपये की खरीदारी की।

## सेंसेक्स-निफ्टी लुढ़के

जहां शुरुआत और अंत कमजोरी के साथ हुए, जबकि बीच के सत्रों में तेजी दर्ज की गई। साप्ताहिक आधार पर BSE Sensex 949.74 अंक यानी 1.27 प्रतिशत गिरकर 73,583.22 पर बंद हुआ। इसी तरह NSE Nifty 50 भी 294.90 अंक (1.27 प्रतिशत) टूटकर 22,819.60 के स्तर पर आ गया। जबकि रियल्टी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और मेटल सेक्टर भी कमजोरी के साथ बंद हुए।

# सर्राफा बाजार: सोने में तेजी, चांदी में बड़ी गिरावट

एजेंसी । नई दिल्ली

घरेलू सर्राफा बाजार में सप्ताहांत के कारोबार के दौरान सोने की कीमतों में हल्की तेजी दर्ज की गई, जबकि चांदी के दाम में तेज गिरावट देखने को मिली। बाजार रुझानों के अनुसार, सोना प्रति 10 ग्राम करीब 170 से 180 रुपये तक महंगा हुआ है, वहीं चांदी में करीब 10,000 रुपये प्रति किलोग्राम की बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी मिश्रित रुख देखने को मिला। हाजिर सोना करीब 4,416 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर बना रहा, जबकि चांदी फिसलकर लगभग 68.12 डॉलर प्रति औंस पर आ गई। इसका असर घरेलू बाजार पर भी दिखाई दिया।

## लखनऊ, दिल्ली में 1.44 लाख रुपये तोला

देश के प्रमुख बाजारों में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,44,720 रुपये से 1,44,870 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच रही, जबकि 22 कैरेट सोना 1,32,660 रुपये से 1,32,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार करता दिखा। चांदी की कीमत घटकर दिल्ली सर्राफा बाजार में करीब 2,39,900 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। लखनऊ, दिल्ली में 1.44 लाख रुपये तोला शहरवार कीमतों की बात करें तो दिल्ली और लखनऊ में 24 कैरेट सोना लगभग 1,44,870 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट 1,32,810 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज किया गया। वहीं मुंबई,



चेन्नई और कोलकाता जैसे प्रमुख बाजारों में 24 कैरेट सोना करीब 1,44,720 रुपये और 22 कैरेट सोना 1,32,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर रहा। अहमदाबाद, भोपाल और पटना में भी इसी के आसपास के भाव देखने को मिले। विशेषज्ञों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय बाजार में उतार–चढ़ाव और निवेशकों की सुरक्षित निवेश (सेफ हेवन) की ओर बढ़ती रुचि के चलते सोने में मजबूती बनी हुई है।

# भारत की अर्थव्यवस्था में 10 राज्यों का दबदबा

एजेंसी । नई दिल्ली

भारत की अर्थव्यवस्था में शीर्ष 10 राज्यों का दबदबा बना हुआ है, जो देश के कुल सकल घरेलू उत्पादन (जीडीपी) में करीब 70 प्रतिशत योगदान दे रहे हैं। रूबिक्स डाटा साइंस की ताजा रिपोर्ट 'स्टेट ऑफ द स्टेट्स; असेसिंग स्टेट लेवल परफॉर्मेंस: ड्राइविंग इंडियाज इकोनॉमिक ट्रांजिशन' के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में दक्षिणी राज्यों का योगदान लगभग 31 प्रतिशत रहा, जो उत्तरी क्षेत्र के करीब 30 से थोड़ा अधिक है। रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2014-15 से 2024-25 तक के एक दशक का करते जीडीपी योगदान, प्रति व्यक्ति आय, पूंजीगत व्यय, निर्यात, सामाजिक क्षेत्र पर खर्च, कर्ज प्रवाह और पर्यटन सहित 10 प्रमुख आर्थिक संकेतकों के आधार पर किया गया है।

# निवेशकों के लिए लिमिटेड बोनस इश्यू की घोषणा

▶▶ अगले सप्ताह चार कंपनियां देंगी बोनस शेयर

एजेंसी । नई दिल्ली

शेयर बाजार में अगले सप्ताह कई कंपनियां अपने निवेशकों को बोनस शेयर देने जा रही हैं। यह उन निवेशकों के लिए सकारात्मक संकेत माना जाता है, जो इन कंपनियों में लंबे समय से निवेश बनाए हुए हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार IRB इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स लिमिटेड, ट्राइटन वाल्व्स लिमिटेड, B2B सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजीज लिमिटेड और R&B डेनिम्स लिमिटेड बोनस इश्यू की घोषणा कर चुकी हैं। इन कंपनियों ने बोनस शेयर के लिए एक्स-डेट और रिकॉर्ड डेट भी तय कर दी है, जो यह निर्धारित करती है कि कौन से निवेशक बोनस पाने के पात्र होंगे।




## आईआरबी के शेयरधारकों को डबल फायदा

IRB इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स लिमिटेड और ट्राइटन वाल्व्स लिमिटेड की एक्स–डेट 30 मार्च 2026 तय की गई है। IRB 1:1 के अनुपात में बोनस शेयर देगी, यानी हर एक शेयर पर एक अतिरिक्त शेयर मिलेगा। वहीं ट्राइटन वाल्व्स 3:1 के अनुपात में बोनस जारी करेगी, जिसमें एक शेयर पर तीन नए शेयर दिए जाएंगे। इन दोनों कंपनियों की रिकॉर्ड डेट 1 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है।

## दो और तीन अप्रैल को जारी होंगे शेयर

B2B सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजीज की रिकॉर्ड डेट 2 अप्रैल, जबकि R&B डेनिम्स की 3 अप्रैल 2026 तय की गई है। बोनस शेयर जारी करने का उद्देश्य आमतौर पर शेयरों की लिक्विडिटी बढ़ाना और निवेशकों को प्रोत्साहित करना होता है। इससे बाजार में शेयरों की संख्या बढ़ती है, हालांकि कीमत उसी अनुपात में समायोजित हो जाती है, जिससे कुल निवेश मूल्य पर तत्काल प्रभाव नहीं पड़ता। विशेषज्ञों के अनुसार, बोनस इश्यू को कंपनियों की वित्तीय स्थिति और भविष्य को लेकर उनके भरोसे का संकेत भी माना जाता है।

# जेवर एयरपोर्ट: ट्रांजिट और MRO पर घटेगी निर्भरता

▶▶ भारत को प्राप्त होगा अरबों का राजस्व

एजेंसी । नई दिल्ली

लंबी दूरी की अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में भारतीय यात्रियों का बड़ा हिस्सा अब तक दुबई, दोहा और सिंगापुर जैसे विदेशी हब के जरिए यात्रा करता रहा है, जिससे ट्रांजिट खर्च और विमान रखरखाव (MRO) के रूप में बड़ी राशि देश से बाहर जाती है। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के शुरू होने के साथ सरकार का लक्ष्य इसी प्रवृत्ति को संतुलित कर भारत को एक प्रमुख एविएशन हब के रूप में विकसित करना है। यह रणनीति कारगर रही, तो ट्रांजिट यात्रियों की कमाई भारत में रुकेगी।



## खाड़ी देशों से गुजरता है बड़ा ट्रैफिक

जानकारी के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय मार्गों—खासतौर पर यूरोप और उत्तरी अमेरिका—पर जाने वाले भारतीय यात्रियों का बड़ा हिस्सा विदेशी एयरपोर्ट्स के जरिए कनेक्टिंग फ्लाइट लेता है। इससे ट्रांजिट के दौरान ड्यूटी–फ्री, लाउंज और रिटेल सेवाओं पर होने वाला खर्च संबंधित देशों को लाभ पहुंचाता है। उपलब्ध आकलनों के मुताबिक, भारत के अंतरराष्ट्रीय यात्री ट्रैफिक का एक बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों, विशेषकर संयुक्त अरब अमीरात, से होकर गुजरता है।

## विदेशों में होती है विमानों की सर्विसिंग

इसके अलावा, विमानन क्षेत्र में एक प्रमुख आर्थिक चुनौती मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहॉल (MRO) से जुड़ी है। वर्तमान में भारतीय एयरलाइंस के अधिकांश विमानों की सर्विसिंग सिंगापुर, दुबई और मलेशिया जैसे देशों में होती है। उद्योग से जुड़े अनुमानों के अनुसार, इस कारण हर साल अरबों डॉलर की राशि विदेश चली जाती है।

## जेवर एयरपोर्ट बनेगा मल्टी-मॉडल हब

नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के शुरू होने के साथ सरकार का लक्ष्य इसी प्रवृत्ति को संतुलित कर भारत को एक प्रमुख एविएशन हब के रूप में विकसित करना है। यह रणनीति कारगर रही, तो ट्रांजिट यात्रियों की कमाई भारत में रुकेगी और एमआरओ के जरिए भारत से बाहर जाने वाले दो लाख करोड़ रुपये भी देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देंगे।

## देश में ही MRO की सुविधा देने की तैयारी

यमुना एक्सप्रेसवे के निकट स्थित यह एयरपोर्ट भविष्य में सड़क, रेल और मेट्रो नेटवर्क से जुड़कर व्यापक कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। यहां MRO सुविधाएं विकसित करने की योजना है, ताकि विमानों की सर्विसिंग देश के भीतर ही हो सके।विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यहां मजबूत एयरलाइन नेटवर्क, प्रतिस्पर्धी शुल्क संरचना और पर्याप्त अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी विकसित की जाती है, तो भारत ट्रांजिट यात्रियों का बड़ा हिस्सा अपने यहां आकर्षित कर सकता है। इससे न केवल विदेशी हब पर निर्भरता कम होगी।

# पहला मैच ना जीत पाने का मिथक तोड़ना चाहेगी मुंबई



एजेंसी । मुंबई

मुंबई इंडियंस की टीम पिछले लगातार 14 साल से आईपीएल में अपना पहला मुकाबला नहीं जीत पाई। हार्दिक पांड्या की टीम रविवार को घरेलू स्टेडियम वानखेड़े में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ उतरेगी तो वह जीत से आगाज न करने का मिथक तोड़कर धमाकेदार शुरुआती करने की कोशिश करेगी। टीम इस बार छह साल का खिताबी सूखा खत्म करने के लक्ष्य के साथ उतरेगी। टीम ने 2012 के बाद से कभी अपना पहला मैच नहीं जीता है। मुंबई ने 2013 से लेकर 2020 के बीच पांच खिताब जीते थे। उसके बाद से उसकी झोली खाली है। पिछले साल टीम क्वालिफायर दो में पंजाब किंग्स से हारने के बाद तीसरे स्थान पर रही थी। इस बार टीम अच्छी तैयारी के साथ मैदान पर उतर रही है। रोहित शर्मा फॉर्म में वापसी करने के लिए उत्सुक होंगे।

- वानखेड़े के घरेलू स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आज इंडियंस करेंगे आगाज
- रोहित, सूर्यकुमार के साथ हार्दिक और बुमराह जमाएंगे रंग



### मुंबई के लिए संयोजन चुनौती

शार्दुल और दीपक चाहर के रूप में मुंबई के पास दो अनुभवी भारतीय गेंदबाज हैं। नमन धीर एक बार फिर फिनिशर की भूमिका अच्छी तरह से निभाने की कोशिश करेंगे। पिछले साल उन्होंने अपनी इस भूमिका के साथ पूरा न्याय किया था।

### कोलकाता की गेंदबाजी कमजोर

मुंबई में खेलने के कारण कोलकाता नाइट राइडर्स में कप्तान अजिंक्य रहाणे और युवा अंगकृष रघुवंशी के रूप में कुछ स्थानीय खिलाड़ी भी नजर आएंगे। उसका गेंदबाजी आक्रमण कमजोर नजर आता है जिसका मुंबई पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगा। नीलामी में केकेआर का गेंदबाजी आक्रमण अच्छा नजर आ रहा था। लेकिन बीसीसीआई के निर्देश पर फ्रेंचाइजी ने बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को बाहर कर दिया था जबकि उसके दो भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप और हर्षित राणा चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजारबानी प्रतिभाशाली हैं लेकिन उन पर दबाव हो सकता है।

### आमने-सामने

| | |
|---|---|
| कुल मैच | : 35 |
| कोलकाता जीता | : 11 |
| मुंबई जीता | : 24 |

### नंबर गेम

**8** विकेट से हराया था मुंबई ने पिछले साल

**14** साल से कभी अपना पहला मैच नहीं जीत पाई है मुंबई इंडियंस की टीम

### टीमें

मुंबई : हार्दिक पांड्या (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, दानिश मालेवार, रॉबिन मिंज, रेयान रिकेल्टन, शेरफेन रदरफोर्ड, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, अथर्व अंकोलेकर, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स, मयंक रावत, नमन धीर, मिचेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, तिलक वर्मा, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, एएम गजनफर, ।

## प्रज्ञाननंदा को करना होगा कड़ी चुनौती का सामना



- 08 खिलाड़ियों के टूर्नामेंट में कुल मिलाकर 14 दौर के मुकाबले खेले जाएंगे
- 15 अप्रैल तक चलने वाले टूर्नामेंट के पुरुष और महिला वर्ग में तीन भारतीय

### कैंडिडेट्स शतरंज

एजेंसी । पाफोस

आठ खिलाड़ियों की इलीट प्रतियोगिता के ओपन वर्ग में भाग ले रहे एकमात्र भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञाननंदा को रविवार से यहां शुरू होने वाले कैंडिडेट्स शतरंज में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। इस टूर्नामेंट का विजेता इस साल के आखिर में विश्व चैंपियनशिप में मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश का सामना करेगा। टूर्नामेंट में आठों खिलाड़ी डबल राउंड-रॉबिन प्रारूप में प्रत्येक खिलाड़ी से दो बार खेलेंगे। सबसे अधिक अंक हासिल करने वाला खिलाड़ी विश्व चैंपियन बनने के लिए गुकेश को चुनौती देने का दावेदार होगा।

### लंबी तैयारी की

प्रज्ञाननंदा लंबे और सुनियोजित अवकाश के बाद तरोताजा महसूस कर रहे होंगे। फरवरी में टाटा स्टील टूर्नामेंट के बाद से इस युवा ग्रैंडमास्टर ने कोई टूर्नामेंट नहीं खेला बल्कि अपनी टीम के साथ प्रतियोगिता की तैयारी की। हालांकि कैंडिडेट्स के लिए क्वालीफाई करने के बाद प्रज्ञाननंदा की फॉर्म में गिरावट देखी गई, जो इस वर्ष की शुरुआत में टाटा स्टील मास्टर्स में भी जारी रही।

## न्यूज़ ब्रीफ

### घुड़दौड़ः सोशल बटरफ्लाई बेहतर

मुंबई। मुंबई घुड़दौड़ 2025-26 अब समापन की ओर है। रॉयल वेस्टर्न इंडिया टर्फ क्लब के पदाधिकारियों और आयोजक इस शानदार आयोजन के लिए बधाई के पात्र हैं, क्योंकि जब पूरे देश में घोड़ों की ग्लैन्डर्स जैसी संक्रामक बीमारी के चलते हैदराबाद और बेंगलुरु घुड़दौड़ केन्द्रों में घुड़दौड़ का आयोजन नहीं किया जा सका, लेकिन महालक्ष्मी रेसकोर्स पर यह आयोजन बिना किसी रुकावट के संपन्न हुआ। रविवार शाम को महालक्ष्मी रेसकोर्स पर आयोजित आठ दौड़ों का मुख्य दौड़ हैदराबाद रेस क्लब ट्रॉफी में डल्लास टोडीवाला प्रशिक्षित सोशल बटरफ्लाई की स्थिति बेहतर है और उसके जीत की संभावना है। पहली दौड़ शाम चार बजे आरंभ होगी। विभिन्न दौड़ों के लिए हमारे चयन इस प्रकार हैः 1- एर्बिट्रेज (प्र.), सैमसन (द्वि), 2- रोसारियो (प्र.), सेनेका (द्वि), 3- ज़ानदार (प्र.), ब्ल्यु जेट (द्वि), 4- इंटरसेप्टर (प्र.), जुरक़ान (द्वि), 5- पिनॉकल (प्र.), ब्रैवियन (द्वि), 6- सोशल बटरफ्लाई (प्र.), ड्रीम सेलर (द्वि), 7- एबसोल्युट गॉर्जस (प्र.), अंडरकवर (द्वि), 8- एवन फ्लक्स (प्र.), मुलान (द्वि), दिन का सर्वोत्तमः जानदार।

### शिव सेवा क्रिकेट क्लब चैंपियन




मुंबई। शिव सेवा क्रिकेट क्लब की टीम ने फाइनल में एमसीसी ठाणे की टीम के आठ विकेट से पराजित करके मांटुगा स्थित दादर यूनियन स्पोर्टिंग क्लब के मैदान पर संपन्न हुए विजय तुलपुले कप में पहला स्थान हासिल किया। एमसीसी ठाणे की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 26.3 ओवरों में मात्र 86 रनों के स्कोर पर ढेर हो गई। अराध्य लाड, दक्ष कदम और सोहम प्रत्येक ने दो-दो विकेट झटके। उसके बाद क्रिस्टियानो बथेलो द्वारा बनाए गए नाबाद 42 रनों की पारी के दम पर शिव सेवा क्रिकेट क्लब ने 16 ओवरों में दो विकेट गवांकर खिताब को जीत लिया। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान दिलीप वेंगसरकर, हर्षद भाभाड़े और मंगेश भालेकर ने पुरस्कार वितरण किए।

## तेजस्विन ने डेकाथलॉन में स्वर्ण पदक जीता

एजेंसी । टेक्सास

तेजस्विन शंकर ने टेक्सास में शुक्रवार देर रात डेविड नोबल रिले में डेकाथलॉन का खिताब जीतकर सत्र की शानदार शुरुआत की। अपनी खिताबी जीत के दौरान तेजस्विन ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड थी बनाया। हालांकि तेज हवाओं के कारण उनके इस रिकॉर्ड को मान्यता नहीं मिली है। वह 8000 अंकों का ऐतिहासिक लक्ष्य हासिल करने से सिर्फ 53 अंक दूर रह गए। उन्होंने 7947 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। तेजस्विन ने अपनी जीत के दौरान एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों का क्वालिफाई मानक भी पार कर लिया।



यह किसी भी भारतीय का अब तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे पहले उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 7826 अंक का था। डेकाथलॉन जैसी कंबाइंड स्पर्धा में प्रदर्शन को रिकॉर्ड के तौर पर तभी माना जा सकता है जब 100 मीटर दौड़, लंबी कूद और 110 मीटर बाधा दौड़ के दौरान हवा की औसत गति प्लस 2.0 मीटर/सेकंड या उससे कम रहे।

## इंटर मियामी ने स्टैंड को दिया महान खिलाड़ी मेसी का नाम

एजेंसी । फ्लोरिडा

अर्जेंटीना के महान खिलाड़ी लियोनेल मेसी के मौजूदा क्लब इंटर मियामी ने अपने नए स्टेडियम में एक स्टैंड का नाम उनके नाम पर रखा है। 38 वर्षीय मेसी ने 2023 में इस एमएलएस क्लब के साथ करार किया था। वह इस फ्लोरिडा क्लब के लिए 82 गोल के साथ रिकॉर्ड गोल करने वाले और 53 में मदद करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। क्लब ने 26,700 दर्शकों की क्षमता वाले नए स्टेडियम में एक सक्रिय खिलाड़ी को इस तरह सम्मानित करने का अनोखा कदम उठाया है।

## महाराष्ट्र की टीम ने कुल 16 पदक अपने नाम किए

एजेंसी । चंडीगढ़

चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा आयोजित अखिल भारतीय नागरी सेवा योगासन क्रीड़ा स्पर्धा २०२५-२६ में महाराष्ट्र के योगियों ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है। २४ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग ४०० से अधिक खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा करते हुए, महाराष्ट्र की टीम ने कुल १६ पदक अपने नाम किए। इस बड़ी सफलता में योग विभाग सचिवालय जिमखाना की मानद सचिव अपर्णा जाधव का कुशल मार्गदर्शन और खिलाड़ियों का कड़ा परिश्रम शामिल रहा, जिसकी बदौलत टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी धाक जमाई।




### दत्ताराम सावंत का स्वर्णिम प्रदर्शन और रजत की चमक


पदक तालिका में महाराष्ट्र की ओर से दत्ताराम सावंत ने 50+ आयु वर्ग के 'आर्टिस्टिक सोलो परफॉर्मेंस' में स्वर्ण पदक जीतकर राज्य को शीर्ष स्थान दिलाया। स्वर्ण के अलावा, टीम ने विभिन्न श्रेणियों में 08 रजत पदक भी जीते। इनमें योगेश्वर सानप, अभिजीत गायकवाड, लता शिरसाठ, योगिता देसाई, शुभांगी सेजुल और नामदेव चौधरी जैसे खिलाड़ियों ने ट्रेडिशनल सोलो, आर्टिस्टिक सोलो और पेयर स्पर्धाओं में अपनी योग कुशलता का प्रदर्शन करते हुए दूसरे स्थान पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता में महाराष्ट्र के खाते में 07 कांस्य पदक भी आए।

श्रीकांत घोलकर, दयानंद बिडवे, संगीता शेळके और भारती खराडे ने रिदमिक पेयर और ट्रेडिशनल सोलो जैसी चुनौतीपूर्ण श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर टीम के पदक स्कोर को आगे बढ़ाया। विशेष रूप से, महाराष्ट्र की पुरुष टीम ने सामूहिक वर्ग में उपविजेता (द्वितीय पुरस्कार) की ट्रॉफी जीतकर यह साबित कर दिया कि व्यक्तिगत कौशल के साथ-साथ टीम के रूप में भी महाराष्ट्र का कोई सानी नहीं है।

# बॉलीवुड

## 'रोमांटिक फिल्में देखने की नहीं थी इजाजत : आमिर खान

बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान ने हाल ही में अपनी पर्सनल लाइफ से जुड़ी एक दिलचस्प बात शेयर की है। उन्होंने बताया कि वो बचपन से ही फिल्मों से थोड़ा अलग रहे हैं और आज भी बहुत कम फिल्में देखते हैं। आमिर ने हाल ही में वैरायटी को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि वो हमेशा से पढ़ने के ज्यादा शौकीन रहे हैं। फिल्मों की बजाय उन्हें किताबें पसंद आती थीं। उन्होंने अपने बचपन को याद करते हुए बताया कि वो एक काफी सख्त और पारंपरिक परिवार में पले-बढ़े हैं। उस समय घर में फिल्मों को लेकर काफी नियम थे और उन्हें ज्यादा फिल्में देखने की इजाजत नहीं थी। खास बात ये थी कि अगर कभी फिल्म देखने की इजाजत मिल भी जाती थी, तो भी रोमांटिक फिल्में देखने की इजाजत नहीं होती थी। आमिर ने बताया कि वो ज्यादातर पुरानी ब्लैक एंड व्हाइट फिल्में ही देखा करते थे, जो दूरदर्शन पर आती थीं। इसके अलावा उन्होंने पुराने दिग्गज कलाकारों की फिल्में भी देखी हैं। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि कुछ लोग फुटबॉल खेलते हैं और कुछ लोग उसे देखते हैं, लेकिन वो खुद फिल्में बनाते हैं और बहुत कम देखते हैं। उन्हें आजकल की नई फिल्मों या हॉलीवुड में क्या चल रहा है, इसकी भी ज्यादा जानकारी नहीं रहती। आमिर के इस बयान ने फैंस को थोड़ा हैरान जरूर किया है, क्योंकि वो इंडस्ट्री के सबसे बड़े और सफल सितारों में से एक हैं। आमिर खान इन दिनों अपने प्रोडक्शन प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं। उनकी आने वाली फिल्म 'एक दिन' में उनके बेटे जुनैद खान नजर आएंगे।



## सेलेब्स की लाइफ पर एकता कपूर का बयान



टीवी और फिल्म इंडस्ट्री की मशहूर प्रोड्यूसर एकता कपूर अपने बेबाक बयानों के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में एक पॉडकास्ट के दौरान उन्होंने बॉलीवुड के पार्टी कल्चर को लेकर कई चौंकाने वाले खुलासे किए, जो आम धारणा से बिल्कुल अलग हैं। एक पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान जब उनसे बॉलीवुड की पार्टियों के बारे में पूछा गया, तो एकता कपूर ने साफ कहा कि लोगों की सोच हकीकत से काफी अलग है। एकता कपूर के मुताबिक, बॉलीवुड में उतनी पार्टियां नहीं होतीं, जितना लोग समझते हैं। एकता कपूर ने कहा कि टीवी इंडस्ट्री में पहले ज्यादा सोशल गैदरिंग और पार्टी कल्चर हुआ करता था, लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। एकता कपूर ने मजाकिया अंदाज में कहा कि आजकल लोग जल्दी सो जाते हैं और इंडस्ट्री पहले से ज्यादा 'बोरिंग' हो गई है। एकता कपूर ने यह भी बताया कि ज्यादातर सेलेब्स अपनी जिंदगी बहुत प्राइवेट तरीके से जीते हैं। उनके अनुसार, आम लोगों की तुलना में कलाकार ज्यादा समय अपने परिवार के साथ बिताते हैं और एक सामान्य जीवन जीते हैं।

## कृति सैनन का शादी के सवाल पर चढ़ा पारा



बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सैनन ने अपनी शादी को लेकर सोशल मीडिया और खबरों में चल रही चर्चाओं पर विराम लगा दिया है। एक हालिया इंटरव्यू में उन्होंने स्पष्ट किया कि वो शादी के बंधन में कब बंधेंगी। कृति ने उन लोगों को आड़े हाथों लिया, जो लगातार उन पर शादी के लिए दबाव बना रहे हैं। उन्होंने होस्ट की तुलना भी 'टोका-टाकी करने वाली चाची' से कर डाली, जो उनके निजी जीवन में जरूरत से ज्यादा दिलचस्पी ले रहे हैं। कृतिऔर कबीर बहिया के कथित रिश्ते की खबरें अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। हालांकि, दोनों ने कभी आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की, लेकिन उनकी साथ में वायरल होती तस्वीरें और छुट्टियों की झलकियां इन चर्चाओं को हवा देती रहती हैं। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान जब कृति से उनकी शादी की योजना के बारे में पूछा गया तो अभिनेत्री इस सवाल पर हैरान और नाराज हो गईं। 'टाइम्स नाउ समिट 2026' के दौरान जब होस्ट ने उनकी बहन नुपुर सैनन की शादी का हवाला देते हुए घुमा-फिराकर कृति से पूछा, ₹क्या हम जल्द ही आपकी बहन के वीडियो किसी और इवेंट (आपकी शादी) से वायरल होते देख सकते हैं? तो कृति ने पलटकर कहा, ₹मतलब? क्या आप इस समय उन 'चाचीजी' की तरह व्यवहार कर रहे हैं जो पूछती हैं कि मेरी शादी कब है? छोड़ो भी यार! जिंदगी में शादी के अलावा भी बहुत कुछ है।जब कृति से पूछा गया कि क्या उनकी शादी जल्द ही होने वाली है तो उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, ₹मुझे नहीं पता। मेरा मतलब है, मैं तब शादी करूंगी, जब मेरा वाकई शादी करने का मन होगा और मुझे कोई जल्दबाजी नहीं है।₹ कृति ने साफ कर दिया है कि वह किसी सामाजिक दबाव में आकर फैसला नहीं लेंगी। उन्होंने कहा कि शादी एक व्यक्तिगत निर्णय है और वह तभी इस बंधन में बंधेंगी जब उनका दिल गवाही देगा। कृति ने बातचीत के दौरान नेपोटिज्म पर भी बात की। उन्होंने कहा कि नेपोटिज्म हर क्षेत्र में है, लेकिन फिल्म इंडस्ट्री में यह ज्यादा दिखाई देता है। उन्होंने स्वीकार किया कि बाहरी व्यक्ति होने के नाते मनचाहे अवसर मिलने में समय लग सकता है, लेकिन कड़ी मेहनत और धैर्य से मंजिल मिल ही जाती है। उनका मानना है कि खुद को बेहतर बनाते रहना और हार न मानना ही लंबी रेस का घोड़ा बनाता है। काम के मोर्चे पर बात करें तो कृति जल्द ही फिल्म 'कॉकटेल 2' में नजर आएंगी। इसमें वो शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना के साथ स्क्रीन साझा करती दिखेंगी। फिल्म का निर्देशन होमी अदजानिया कर रहे हैं।

## 'भूत बंगला' की रिलीज डेट टली



बॉक्स ऑफिस पर जारी कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच निर्माता एकता कपूर ने बड़ा फैसला लेते हुए 'भूत बंगला' की रिलीज डेट आगे बढ़ा दी है। पहले यह फिल्म 10 अप्रैल 2026 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे एक हफ्ते आगे बढ़ाकर 17 अप्रैल 2026 कर दिया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह फैसला 'धुरंधर 2ः द रिवेंज' के साथ टकराव से बचने के लिए लिया गया है, जो फिलहाल सिनेमाघरों में जबरदस्त प्रदर्शन कर रही है। ट्रेड सूत्रों का कहना है कि 'धुरंधर 2' का बॉक्स ऑफिस पर दबदबा इतना मजबूत है कि ज्यादातर सिनेमाघरों में उसी का कब्जा बना हुआ है। ऐसे में नई फिल्मों के लिए पर्याप्त स्क्रीन्स मिलना मुश्किल हो रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए 'भूत बंगला' के निर्माताओं ने रिलीज टालना बेहतर समझा। मेकर्स किसी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहते। इंडस्ट्री से जुड़े सूत्रों के अनुसार, यह एक समझदारी भरा कदम माना जा रहा है, जिससे फिल्म के बिजनेस पर नकारात्मक असर नहीं पड़ेगा। शोभा कपूर ने भी इस फैसले का समर्थन किया है। इससे पहले कई बड़ी फिल्मों ने भी 'धुरंधर 2' के साथ टकराव से बचने के लिए अपनी रिलीज डेट बदली थी, जिससे इस फिल्म के बॉक्स ऑफिस प्रभाव का अंदाजा लगाया जा सकता है। गौरतलब है कि 'भूत बंगला' के जरिए अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की सुपरहिट जोड़ी करीब 14 साल बाद फिर साथ आ रही है। फिल्म में तब्बू, परेश रावल और राजपाल यादव भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे, जिससे इसे लेकर दर्शकों के बीच उत्साह बना हुआ है।

## वॉर ब्रीफ

### ईरान के न्यूक्लियर प्लांट पर हमले से बिगड़ रहे हालात : रूस

**बर्लिन।** रूस की सरकारी न्यूक्लियर कंपनी रोसाटॉम के प्रमुख ने शनिवार को कहा कि ईरान के बुशेहर न्यूक्लियर पावर प्लांट की स्थिति लगातार बिगड़ रही है और इन हमलों से न्यूक्लियर सुरक्षा को सीधा खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने यह बात प्लांट के पास एक और हमले के बाद कही। इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी (IAEA) ने शुक्रवार को बताया कि ईरान ने उसे बुशेहर के आस-पास एक और हमले की जानकारी दी है। 10 दिनों में यह तीसरी ऐसी घटना है। हालांकि, इस हमले से चालू रिएक्टर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है और न ही किसी तरह के रेडिएशन के फैलने की खबर है। रूस के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बुशेहर के पास हुए इस हमले की स्पष्ट और कड़ी निंदा करने की मांग की।

### खाड़ी देशों को ईरान की चेतावनी

**तेहरान।** ईरान ने अपने खाड़ी पड़ोसियों को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर वे शांति और सुरक्षा चाहते हैं तो अपने देश की जमीन पर अमेरिका और इजरायल को युद्ध चलाने की इजाजत न दें। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने यूएई, सऊदी अरब, कतर और कुवैत समेत क्षेत्रीय देशों को संबोधित करते हुए कहा, 'क्षेत्र के देशों से मेरा संदेश है कि अगर आप विकास और सुरक्षा चाहते हैं तो अपने दुश्मनों को अपनी जमीन से युद्ध नहीं चलाने दें।' यह बयान ऐसे समय में आया है जब ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच युद्ध एक महीने से अधिक समय से चल रहा है। ईरान का आरोप है कि खाड़ी देशों में स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डों का इस्तेमाल ईरान पर हमलों के लिए किया जा रहा है।

### ईरान जंग पर बात करने पाकिस्तान जाएंगे 3 देश

इस्लामाबाद। अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का 29वां दिन है। ईरान को लेकर बढ़ते तनाव के बीच तुर्किये, मिस्र और सऊदी अरब के विदेश मंत्री 30 मार्च को पाकिस्तान पहुंचेंगे। यहां वे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से भी मुलाकात करेंगे। इस्लामाबाद में होने वाली इस बैठक में मिडिल ईस्ट के हालात पर चर्चा होगी। युद्ध शुरू होने के बाद यह पहली बड़ी बैठक मानी जा रही है, जिसमें कई देशों के विदेश मंत्री एक साथ शामिल होंगे। दूसरी तरफ UAE भी अमेरिका और इजराइल के साथ मिलकर ईरान के खिलाफ जंग में शामिल हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले तीन हफ्तों में ईरान ने UAE पर 2200 से ज्यादा मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं, जिनमें से 95% को रोक दिया गया।

### ईरान का UAE पर 20 बैलिस्टिक मिसाइल और 37 ड्रोन से हमला

तेहरान। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने शनिवार को UAE पर 20 बैलिस्टिक मिसाइल और 37 ड्रोन से हमला किया। UAE के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, सभी मिसाइल और ड्रोन को एयर डिफेंस सिस्टम ने इंटरसेप्ट कर लिया, जिससे बड़ा नुकसान टल गया। मंत्रालय ने बताया कि यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब क्षेत्र में लगातार सैन्य गतिविधियां बढ़ रही हैं। UAE के अधिकारियों के मुताबिक, अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक UAE पर 398 बैलिस्टिक मिसाइल, 15 क्रूज मिसाइल और 1,872 ड्रोन दागे जा चुके हैं।

# खाड़ी क्षेत्र बनेगा अमेरिकी सैनिकों का कब्रिस्तान





▶▶ ईरान की सीधी और खौफनाक चेतावनी

▶▶ ईरान अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध : अराघची

एजेंसी | तेहरान

**पश्चिम एशिया में जारी तनाव अब एक भीषण सैन्य टकराव का रूप ले चुका है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची और ईरानी रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के ताजा बयानों ने साफ कर दिया है कि खाड़ी क्षेत्र में स्थिति बेहद विस्फोटक हो गई है। होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही से लेकर अमेरिकी ठिकानों पर हमलों तक, ईरान ने सीधी चेतावनी जारी की है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि ईरान अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ फोन पर बातचीत के दौरान उन्होंने ये बात कही।**

उन्होंने स्पष्ट कहा कि हमपर हमला करने वालों के पोतों को होर्मुज में रोकना हमारा कानूनी अधिकार है। ईरान के सरकारी मीडिया ने शनिवार को अराघची का ये बयान जारी किया। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि ईरान के राष्ट्रीय अधिकारों और हितों की रक्षा के मामले में हमारे सिद्धांत स्पष्ट हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका-इजरायल स्कूल, अस्पताल, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक इमारतों के साथ आवसीय क्षेत्रों पर हमले कर रहे हैं। ईरान ऐसे हर हमले का कड़ा जवाब दे रहा।

### 'होर्मुज में जहाजों को रोकना हमारा कानूनी हक'

समुद्री जल मार्ग होर्मुज पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग में जो बाधा आई है उसके लिए अमेरिका और तेल अवीव सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं। उन्होंने ये भी कहा कि संकट के बीच भी ईरान ने अपने पांच सहयोगी देशों के पोतों को होर्मुज से गुजरने दे रहा। उन्होंने कहा मित्र देशों के पोत होर्मुज से गुजर रहे हैं। हालांकि इसके लिए आईआरजीसी के अधिकारियों से अनुमति लेनी पड़ रही है, लेकिन ये प्रक्रिया है जिसका पालन जरूरी है।

### अमेरिकी सैनिकों के लिए कब्रिस्तान बन जाएगा खाड़ी क्षेत्र: आईआरजीसी

ईरान ने खाड़ी देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमला करने के बाद चेतावनी जारी करते हुए कहा कि ये क्षेत्र अमेरिकी सैनिकों के लिए कब्रिस्तान बन जाएगा। ईरान रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने बयान जारी कर कहा कि ईरान दुश्मनों के हर हमले का कड़ा जवाब देगा।आईआरजीसी ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिकी सेना के कमांडरों को ये समझ लेना चाहिए कि वे जहां शरण ले रहे हैं उसे ईरानी सेना उनकी कब्र बना देगी। सेना ने कहा कि अमेरिकी सैनिकों को ईरानी सेना के सामने आत्मसर्मण करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा।

### छह अमेरिकी पोतों को तबाह करने का आईआरजीसी का दावा

आईआरजीसी ने दावा किया है कि उसने फारस की खाड़ी के जलक्षेत्र में अमेरिकी सेना द्वारा संचालित छह सामरिक पोतों को निशाना बनाया है। इस कार्रवाई में बड़ी संख्या में अमेरिकी सैनिक मारे गए हैं। ईरान का दावा है कि तीन युद्धपोत डूबे हैं जबकि कई पोत आग में खाक हो गए। आईआरजीसी के जनसंपर्क विभाग ने बताया कि आईआरजीसी की नौसैनिक इकाइयों ने अल-शोयुख बंदरगाह के साथ-साथ दुबई के तटों और बंदरगाह पर तैनात अमेरिकी और इजरायली लों के खिलाफ एक संयुक्त अभियान चलाया गया। इसमें अमेरिकी सैनिकों और उनके सामरिक उपकरणों को सटीक रूप से निशाना बनाया गया। अभियान में अमेरिकी लैंडिंग क्राफ्ट यूटिलिटी (एलसीयू) के छह जहाजों को निशाना बनाया गया। हमले में ईरान में बनी बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइल जैसे कद्र 380 का उपयोग किया गया।

## 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के अगले चरण की तैयारी




फ्लोरिडा। फ्लोरिडा में आयोजित 'फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव' शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के खिलाफ जारी 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' को लेकर कई सनसनीखेज दावे किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि भले ही कूटनीतिक बातचीत चल रही हो, लेकिन अमेरिकी सेना अपनी कार्रवाई जारी रखने के लिए तैयार है। राष्ट्रपति ट्रंप ने खुलासा किया कि अमेरिकी सेना ने ईरान में अब तक 7,000 से अधिक ठिकानों को तबाह किया है, लेकिन अभी भी 3,554 और महत्वपूर्ण टारगेट (जैसे मिसाइल यूनिट और ड्रोन सेंटर) रडार पर हैं। उन्होंने कहा कि 'इन्हें बहुत जल्द खत्म कर दिया जाएगा।' ट्रंप ने इस अभियान को 'युद्ध' के बजाय 'सैन्य ऑपरेशन' कहना पसंद किया, ताकि कानूनी पेचीदगियों से बचा जा सके। ट्रंप ने उस घटना का विस्तार से जिक्र किया जिसमें ईरान ने अमेरिकी विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन (CVN 72) को निशाना बनाया था।

### 'ईरान अब डरा हुआ है और समझौते के लिए तैयार है'

ट्रंप ने दावा किया कि पिछले 47 सालों से क्षेत्र में 'धौंस' जमाने वाला ईरान अब खुद 'भाग' रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी हमलों (विशेष रूप से B2 बॉम्बर्स के इस्तेमाल) ने ईरान की वायु रक्षा प्रणाली को इतना कमजोर कर दिया है कि अमेरिकी विमान अब बिना किसी डर के वहां उड़ान भर रहे हैं। उनके अनुसार, ईरानी नेता अब समझौते के लिए 'मिन्नतें' कर रहे हैं।

## ईरान के चक्रव्यूह में घिरा इस्राइल, चौतरफा फंसे नेतन्याहू

**तेल अवीव।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध अब नए और खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। इस्राइल अब सिर्फ ईरान, हिजबुल्ला और हमास से ही नहीं, बल्कि यमन से भी हमलों का सामना कर रहा है। यमन से पहली बार मिसाइल दागे जाने के बाद हालात और गंभीर हो गए हैं। इससे साफ संकेत मिल रहा है कि इस्राइल अब चारों तरफ से घिरता जा रहा है और प्रधानमंत्री नेतन्याहू के



सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। इस्राइली सेना के मुताबिक, शनिवार सुबह यमन की ओर से एक मिसाइल दागी गई। इसके बाद बीयर शेबा और परमाणु रिसर्च सेंटर के आसपास सायरन बजने लगे। इससे पहले भी ईरान और हिजबुल्ला लगातार हमले कर रहे थे। यमन के हूती विद्रोही, जो तेहरान समर्थित माने जाते हैं। वो अब इस युद्ध में खुलकर उतरते दिख रहे हैं।

## युद्ध में टॉप लीडरशिप को गंवाकर भी फ्रंटफुट पर है ईरान

एजेंसी | तेहरान

28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल के हमलों से शुरू हुए ईरान युद्ध को आज ठीक एक महीना हो गया है। अटैक के शुरुआती घंटों में ही ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई समेत आईआरजीसी के कई टॉप कमांडर और सीनियर लीडरशिप मार दिए गए। इसके बाद मोहम्मद खामेनेई जैसे नए नेताओं की नियुक्ति भी हमलों की चपेट में



आई। लेकिन इन भारी नुकसानों के बावजूद ईरान आज भी फ्रंटफुट पर नजर आ रहा है। तेहरान की ओर से मिसाइल हमले जारी हैं, सेनाएं सक्रिय हैं और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर दबाव बनाए हुए है।

### ईरान की क्या है रणनीति?

होर्मुज स्ट्रेट पर ईरान का प्रभावी नियंत्रण या ब्लॉकेज ने वैश्विक तेल कीमतें बढ़ा दी हैं और आपूर्ति बाधित हुई है। यह आर्थिक रणनीति ईरान को सैन्य कमजोरी के बावजूद लाभ दे रही है। दूसरी ओर, इजरायल और अमेरिका ने ईरान के मिसाइल प्रोग्राम, न्यूक्लियर साइट्स, हथियार फैक्टरियों और एयर डिफेंस पर भारी हमले किए। कई सैन्य ठिकानों को नष्ट कर दिया गया, ईरान की क्षमता काफी हद तक क्षतिग्रस्त हुई। फिर भी ईरानी सेना और रिवोल्यूशनरी गाड्र्स की हिम्मत नहीं टूटी है। ईरान ने दिखाया कि मजबूत कमांड और सटीक युद्धकौशल से वह लंबे समय तक टिक सकता है। एक महीने में हजारों मौतें हुईं लेकिन तेहरान का शासन ढहने के बजाय लड़ रहा है।

# पश्चिम बंगाल में चार्जशीट की सियासत

▶▶ बीजेपी ने ममता सरकार के खिलाफ जारी की 14 आरोपों वाली चार्जशीट

▶▶ जवाब में टीएमसी का आरोप-पत्र से पलटवार


एजेंसी | कोलकाता

पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव के चलते आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ 'आरोप-पत्र' जारी किया। अब इस पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने पलटवार करते हुए भाजपा के खिलाफ 'चार्जशीट' जारी की है। तृणमूल कांग्रेस ने न केवल भाजपा-शासित राज्यों में महिला सुरक्षा पर सवाल उठाए, बल्कि मणिपुर में जातीय हिंसा और बंगाल में डिटेंशन कैंप मॉडल लागू करने की भाजपा की कथित मंशा पर भी तीखा हमला बोला। टीएमसी के इस आरोप-पत्र का नाम 'मोटा भाई-जवाब चाई' रखा है।

### बीजेपी

#### अराजकता और भ्रष्टाचार का युग : शाह

भाजपा ने ममता सरकार के खिलाफ विधानसभा चुनाव से पहले मोर्चा खोल दिया है। इसी कड़ी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक आरोप पत्र 'चार्जशीट' जारी की है। इस आरोप पत्र के जरिए शाह ने तृणमूल कांग्रेस (TMC) के 15 साल के शासन को 'अराजकता और भ्रष्टाचार का युग' बताया है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि बंगाल की आत्मा को बचाने और इसे भयमुक्त बनाने का चुनाव है।



#### अमित शाह ने और क्या-क्या कहा?

अमित शाह ने बंगाल में घुसपैठ के मुद्दे को जोर-शोर से उठाया है। उन्होंने कहा कि पूरे देश की सुरक्षा बंगाल के चुनावी नतीजों से अटूट रूप से जुड़ी हुई है। आज देश में घुसपैठियों के प्रवेश का केवल एक ही मुख्य रास्ता बचा है, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ समझौता हो रहा है। अगर बंगाल को घुसपैठ से मुक्त करना है, तो यहां सत्ता परिवर्तन अनिवार्य है। अमित शाह ने आरोप लगाया कि ममता सरकार ने वोट बैंक की राजनीति के लिए सीमावर्ती इलाकों में डेमोग्राफी के साथ खिलवाड़ होने दिया। तंज कसते हुए गृह मंत्री ने कहा कि ममता बनर्जी ने हमेशा विक्टिम कार्ड की पॉलिटिक्स खेली हैं। कभी उनका पैर टूट जाता है, कभी उनके सिर पर पट्टी बंध जाती है, कभी वह बीमार पड़ जाती हैं और कभी वह चुनाव आयोग के सामने खड़ी होकर बेबसी का नाटक करती हैं। चुनाव आयोग को गालियां देती हैं। लेकिन मैं उन्हें यह बताने आया हूं कि बंगाल के लोग अब विक्टिम कार्ड की इस पॉलिटिक्स को अच्छी तरह समझ चुके हैं।

### टीएमसी

#### मणिपुर तीन साल से खून से लथपथ : टीएमसी


टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने मणिपुर में हुई जातीय हिंसा पर अमित शाह से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि यह पूर्वोत्तर राज्य पिछले तीन वर्षों से 'खून से लथपथ' है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा बंगाली और बांग्लादेशियों के बीच की लकीर को धुंधला करना चाहती है, ताकि वह असम की तर्ज पर बनाए गए अपने नफरत भरे डिटेंशन कैंप मॉडल को बंगाल में भी लागू कर सके। महुआ मोइत्रा ने अमित शाह की पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ 'चार्जशीट' पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'आपने हर बंगाली को अपराधी घोषित कर दिया है। आप इसे चार चरणों में करते हैं: पहले आप हमारा अपमान करते हैं, फिर आप हमें वंचित करते हैं, फिर आप हमें अपराधी बनाते हैं, और फिर आप हमें परेशान करते हैं।'



#### ईडी पर भी खड़े किए सवाल

मोइत्रा ने यह भी आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) गृह मंत्री के अधीन काम करता है। उन्होंने बताया कि ईडी ने लगभग 6,000 मामले दर्ज किए हैं, जिनमें से 98% विपक्षी नेताओं के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि केवल 25 लोगों को दोषी ठहराया गया है, जो 0.42% की दर है। टीएमसी सांसद ने बंगाली लोगों के गौरव का मुद्दा उठाते हुए कहा, बंगाली एक बहुत गौरवान्वित जाति है। हमने अंग्रेजों के खिलाफ स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया। गुजराती कौन थे? काला पानी में मारे गए और कैद किए गए लोगों के नामों में 68% बंगाली थे, उसके बाद पंजाबी थे। क्या आप मुझे वहां मौजूद किसी भी गुजराती का नाम बता सकते हैं।

## पोलिंग बूथ पर बॉयोमीट्रिक प्रणाली लागू करने की मांग



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में हाल ही में एक जनहित याचिका दायर की गई है, जिसमें भारतीय निर्वाचन आयोग (ECI) को आगामी विधानसभा चुनावों में बायोमीट्रिक प्रमाणीकरण लागू करने का निर्देश देने की मांग की गई है। एक वकील द्वारा प्रस्तुत इस याचिका का मुख्य उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता लाना और 'एक नागरिक, एक वोट' के संवैधानिक सिद्धांत को सख्ती से लागू करना है। याचिकाकर्ता का तर्क है कि फिंगरप्रिंट और आइरिस (पुतली) स्कैन जैसी तकनीक को अपनाकर दोहरी वोटिंग, फर्जी मतदान और 'घोस्ट वोटिंग' जैसी धांधलियों पर पूरी तरह से लगाम लगाई जा सकती है। याचिका में इस बात पर जोर दिया गया है कि बायोमीट्रिक डेटा विशिष्ट होता है और इसकी नकल करना असंभव है, जिससे किसी और के स्थान पर वोट डालने की गुंजाइश खत्म हो जाएगी। वर्तमान मतदान प्रणाली में मौजूद कमियों को दूर करने के लिए इसे एक प्रभावी समाधान बताया गया है।

## दुष्कर्म मामलों में पीड़िता की पहचान उजागर करने पर कोर्ट सख्त

● सभी हाईकोर्ट को दिए कड़े निर्देश

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने दुष्कर्म मामलों में पीड़िता की पहचान उजागर किए जाने पर कड़ा रुख अपनाते हुए इसे सबसे कड़े शब्दों में निंदनीय बताया है। शीर्ष अदालत ने सभी हाईकोर्ट को निर्देश दिया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि कोर्ट के आदेशों में पीड़िता या उसके परिवार की पहचान किसी भी रूप में सामने न आए। न्यायमूर्ति संजय करोल और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि 2018 के निपुण सक्सेना बनाम यूनियन ऑफ इंडिया फैसले में स्पष्ट किया गया था कि किसी भी माध्यम (प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक या सोशल मीडिया) में पीड़िता की पहचान उजागर नहीं की जा सकती।

### कानूनी प्रावधानों पर जोर

अदालत ने बताया कि 1983 में भारतीय दंड संहिता में संशोधन कर धारा 228A जोड़ी गई थी, जिसका उद्देश्य दुष्कर्म पीड़िताओं की पहचान को सार्वजनिक होने से रोकना है। इससे पहले ऐसा कोई स्पष्ट कानूनी प्रतिबंध नहीं था, जिससे पीड़िताओं को सामाजिक बहिष्कार और मानसिक आघात का सामना करना पड़ता था।



### कानून का पालन न होने पर जताई चिंता

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इसके बावजूद निचली अदालतों में इस नियम का पालन नहीं हो रहा है। इसके पीछे अदालतों की उदासीनता और इस तरह के अपराधों से जुड़े सामाजिक कलंक के प्रति जागरूकता की कमी को जिम्मेदार बताया गया।

### हाईकोर्ट को सख्त निर्देश

पीठ ने अपने आदेश की प्रति सभी हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को भेजने का निर्देश दिया है, ताकि इस कानून का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जा सके। यह टिप्पणी उस दौरान आई, जब अदालत हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के एक फैसले की समीक्षा कर रही थी, जिसमें नौ साल की बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को बरी कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में छोटे-छोटे विरोधाभासों को ज्यादा महत्व नहीं देना चाहिए।

## डीएमके प्रत्याशियों की सूची जारी

**234 में 164 सीटों पर लड़ेगी पार्टी**

एजेंसी | चेन्नई

तमिलनाडु विधानसभा चुनावों को लेकर सियासी बिसात बिछ चुकी है। मुख्यमंत्री और डीएमके प्रमुख एमके स्टालिन ने गठबंधन सहयोगियों के बीच सीटों के बंटवारे का एलान कर दिया है। कुल 234 विधानसभा सीटों में से डीएमके खुद 164 सीटों पर चुनाव



लड़ेगी। वहीं, कांग्रेस को 28 सीटें दी गई हैं। इस एलान के साथ ही स्टालिन ने स्पष्ट कर दिया है कि वह अपनी पार्टी की मजबूत पकड़ को बरकरार रखना चाहते हैं।

### डीएमडीके को 10 सीटें

इस बार सबसे बड़ा उलटफेर डीएमडीके को लेकर देखने को मिला है। पार्टी को 10 सीटें आवंटित की गई हैं। अन्य सहयोगियों में वीसीके को 8, सीपीआई और सीपीआई-एम को 5-5 सीटें, जबकि एमडीएमके को 4 सीटें मिली हैं। मुस्लिम मतदाताओं के बीच पैठ रखने वाली पार्टी आईयूएमएल और एमएमके को 2-2 सीटें दी गई हैं।

## आचार संहिता के उल्लंघन में कन्नूर के सूचना अधिकारी निलंबित

**कन्नूर।** केरल के कन्नूर जिले में शनिवार को एक सूचना अधिकारी को निलंबित कर दिया गया। यह कार्रवाई आचार संहिता लागू होने के दौरान लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) की एक शिकायत से जुड़ी विवादास्पद प्रेस विज्ञप्ति जारी करने के मामले में हुई है। जिला सूचना कार्यालय के एक अधिकारी ने इसे जारी किया था। आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर इस मामले ने केरल में सियासी सरगर्मी को और बढ़ा दिया है। मामले की जड़ें उस शिकायत से जुड़ी हैं, जिसमें एलडीएफ ने आरोप लगाया था कि उनके उम्मीदवार केवी सुवेश को यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) द्वारा चरित्र हनन का शिकार बनाया जा रहा है।

### गोवा नाइटक्लब अग्निकांड

## लूथरा भाइयों की जमानत याचिका खारिज

एजेंसी | पणजी

गोवा के चर्चित 'बर्च बाय रोमियो लेन' नाइटक्लब अग्निकांड मामले में मापुसा की अतिरिक्त सत्र अदालत ने मालिक सौरभ और गौरव लूथरा की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। यह मामला 6 दिसंबर 2025 को अर्पोरा में हुए उस भीषण अग्निकांड से जुड़ा है, जिसमें 25



लोगों की जान गई थी और 50 से अधिक लोग घायल हुए थे। घटना के बाद आरोपी भाई थाईलैंड फरार हो गए थे, जिन्हें 17 दिसंबर को वापस लाकर गिरफ्तार किया गया।

### फर्जीवाड़े और आगजनी की दोहरी जांच

इस मामले में पुलिस दो अलग-अलग दिशाओं में जांच कर रही है। जहाँ अंजुना पुलिस आगजनी और सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जांच कर रही है, वहीं मापुसा पुलिस ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए एक्साइज लाइसेंस प्राप्त करने का मामला दर्ज किया है। आरोपियों पर आरोप है कि उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी के नकली हस्ताक्षर और फर्जी एनओसी (NOC) का उपयोग कर लाइसेंस हासिल किया था। बचाव पक्ष के वकीलों का कहना है कि वे अदालत के विस्तृत आदेश का इंतजार कर रहे हैं।